जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

जालोर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जालोर, बुधवार 1 मई, 2024




**अधिकृत डीलर:** जोधपुर: महेन्द्रा हीरो, रेजीडेंसी रोड़, 9289922205, हिम्मत जय हीरो, जालोरी गेट, 9289922195 श्री राम हीरो, 9289922762, जालोर: शारदा हीरो, 9289922582, सुमेरपुर: गणेश हीरो, 9289922206, नागौर: धारणिया हीरो, 9289922199, पाली: भैरवा हीरो, 9413382121, लक्ष्मी ऑटोमोबाईल, 9116499772, जैसलमेर: श्री राम मोटर्स, 9289923223, बालोतरा: महेश हीरो, 9289922529, सोजत सिटी: बजरंग हीरो, 9289922840, मेड़ता सिटी: जय राना हीरो, 9289922841, सिरोही: सिरोही हीरो, 9289923030, **अधिकृत सर्विस पाइंट:** जोधपुर: बोरूंदा: श्री महादेव मोटर्स, 9414602773, भीनमाल: हनुमान ऑटो एजेंसीज, 6376708654, मारवाड़ जंक्शन: राज मोटर्स, 9828131221, पोकरण: पोकरण मोटर्स, 9414149260, फलोदी: जनता ऑटोमोबाइल्स, 9414418357, बाड़मेर: कीर्ति मोटर्स, 9828724333, सादड़ी: लक्ष्मी मोटर्स, 8696006755, सांचोर: अनिल मोटर्स, 9950048742, रेवधर: शुभलक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 9414694901, बालेसर: सांखला ऑटोमोबाइल्स, 02929-242190,7665000343, नाडोल: धनलक्ष्मी मोटर्स, 9929290125, तिंवरी: भगवती मोटर्स, 7665000358, 02926-228155, रोहट: श्री जगदम्बा एजेन्सी, 9001140159, 02936-268429, चौहटन: श्री आशापूर्णा मोटर्स, 8769231111, शिव: श्री महालक्ष्मी मोटर्स, 9460463139, स्वरूपगंज: आर्शीवाद ऑटोज, 9460834387, भोपालगढ़: मनीष मोटर्स, 9462783469, 9414563845, बिलाड़ा: आई.जी. मोटर्स, 9672099902, 9414118665, रायपुर: भवानी ऑटोमोबाइल्स, 9928325001, धनरी कलां: टाक मोटर्स, 9828975555, 9462551915, असोप: वीर तेजा मोटर्स, 7665000352, 9982302952, रामसिन: हितेश ऑटो, 7727989938, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) जोधपुर: हिम्मत जय हीरो 9289922195, बालोतरा: महेश हीरो, 9289922529, सिरोही: सिरोही हीरो, 9289923030

## विचार बिन्दु

मासिक वेतन पूरनमासी का चाँद है जो एक दिन दिखाई देता है और घटते-घटते लुप्त हो जाता है। –प्रेमचंद

# लोग अब पैसे बचाने का नहीं खर्च करने का रुझान रखते हैं

नई आर्थिक नीतियों को अपनाए जाने से पहले भारत एक ऐसा देश रहा है जहां लोगों में बचत की आदत पीढ़ियों से थी। तब भले ही देश की अर्थव्यवस्था के विकास की दर, जिसकी हिन्दू विकास दर कह कर खिल्ली उड़ाई जाती थी, कोई ढाई प्रतिशत के आस पास रहती थी, मगर देश में घरेलू बचत की दर विश्व में सबसे अधिक थी। अब भारतीय रिजर्व बैंक के नये आंकड़ों के मुताबिक़ भारत में शुद्ध घरेलू बचत 47 साल के सबसे निचले स्तर पर है। नये जारी सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2023 में बचत घटकर सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी का 5.3 प्रतिशत रह गई है जो वर्ष 2022 में 7.3 प्रतिशत थी। भारतीय रिज़र्व बैंक की यह रिपोर्ट आने से पहले ही राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी व्यय, बचत और पूंजी निर्माण, 2022-23 के आंकड़ों ने भी इन रुझानों का संकेत दे दिया था। यह सवाल उठाना स्वाभाविक ही है कि घरेलू बचत में भारी गिरावट का क्या कारण है? आंकड़े बताते हैं कि कुल घरेलू बचत में गिरावट का मुख्य कारण परिवारों की सकल वित्तीय बचत में कमी है। यह सही है कि घर के खर्चे बहुत बढ़ गए हैं। दैनिक जरूरत की चीजों के दाम, स्कूलों की फीस और इलाज पर खर्च आदि सभी परिवारों पर भारी पड़ रहे हैं क्योंकि ये खर्च परिवार की आय का बड़ा हिस्सा हजम कर जाते हैं। मगर इसके साथ यह भी सच है कि लोग अब मितव्ययता का आदर्श छोड़ते नज़र आते हैं और गैर जरूरी चीजों पर खर्च करते हुए अपनी अंटी को कड़ी नहीं रखते। देश में पिछली सदी के नौवें दशक में खुली अर्थव्यवस्था अपनाई जाने के बाद बाज़ार ने लोगों की बचत की धारणा बदलने का सफल जतन किया है। खुली अर्थव्यवस्था बाज़ार के उभरने अर्थात वहां लोगों द्वारा अधिक से अधिक खर्च करने पर ही परवान चढ़ती है। इसी के चलते रुपये देकर रुपया कमाने वाली बैंकें तथा अन्य वित्तीय संस्थाएं लोगों को कर्ज लेकर उन्हें अपने सपनों का घर, कारें और अन्य सामान तथा सेवाएं लेने की तरफ आकर्षित करने में लगी रहती हैं। उपभोक्ता बढ़ाने के लिए इन संस्थाओं में कर्ज देने की होड रहती है। बड़ी संख्या में बढ़ता हुआ मध्यम वर्ग इसे सौगात मानता है। इसकी ताईद अधिकृत आंकड़े भी करते हैं जो बताते हैं कि इसी अवधि में घरेलू कर्ज के मामले में तेज उछाल आया है। सालाना कर्ज, जीडीपी का 5.8 प्रतिशत हो गया है, जो 1970 के बाद दूसरा उच्चतम स्तर है। स्पष्ट है कि घर और कार आदि के कर्ज का ब्याज चुकाने में आमदनी का बड़ा हिस्सा चला जा रहा है और परिवार के पास बचत के लिए बहुत कम पैसे बचते हैं। इनके अलावा दूसरे कर्जे भी हैं जिनका चुकारा बचत की संभावनाएं कम करता है। बाज़ार के विश्लेषकों का कहना है कि भारत के बढ़ते घरेलू कर्ज का एक बड़ा हिस्सा 'नॉन मॉर्गेज लोन' हैं। इनमें से आधे से ज्यादा कर्ज कृषि और व्यवसाय से जुड़े हैं। भारत 2022 में 'नॉन मॉर्गेज लोन' के मामले में अमेरिका और चीन सहित कई प्रमुख देशों को पीछे छोड़ते हुए ऑस्ट्रेलिया और जापान की बराबरी पर आ गया है। हालांकि क्रेडिट कार्ड, शादी और हेल्थ इमरजेंसी के लिए कर्ज अभी कुल घरेलू कर्ज का 20 प्रतिशत से कम है, लेकिन यह सबसे तेजी से बढ़ने वाला सेगमेंट बन कर उभर रहा है। पिछले दशक में कर्ज की आसान उपलब्धता ने घरेलू कर्ज को बढ़ाने का काम किया है। भारतीय परिवारों का कर्ज और सेवा का अनुपात यानी 'डेट् सर्विस रेशियो' करीब 12 प्रतिशत है, जो नॉर्डिक देशों जैसा है। ये अनुपात चीन, फ्रांस, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे देशों से ज्यादा है। इन सभी देशों में घरेलू कर्ज का स्तर ज्यादा है। यह फर्क इसलिए है क्योंकि भारत में कर्ज की दर अब भी ज्यादा और अवधि कम है, जिसकी वजह से अपेक्षाकृत डीएसआर ज्यादा है।

पिछले साल सितंबर में केन्द्रीय वित्त मंत्रालय ने बचत कम होने और कर्ज बढ़ने की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा था कि लोग कोरोना के बाद कम ब्याज दरों का फायदा उठा रहे हैं और कार, शिक्षा और घर खरीदने के लिए लोन ले रहे हैं। सरकार में बैठे लोगों का मानना है कि ज्यादा लोग घर और कार जैसी चीजों को खरीदने के लिए कर्ज ले रहे हैं, जो किसी संकट का संकेत नहीं है बल्कि यह भविष्य में रोजगार और बढ़ती आय की संभावनाओं से भरा हुआ है। हालांकि कुछ अर्थशास्त्री जी 20 देशों में सबसे कम प्रति व्यक्ति आय वाले हमारे देश में कर्ज लेने पर बढ़ती निर्भरता को लेकर चिंता भी व्यक्त करते हैं। वे कहते हैं कि भारत सरकार बुनियादी सेवाओं और सब्सिडी के लिए उधार लेती है, जबकि भारतीय परिवार सुख-सुविधा से जुड़ी चीजों को खरीदने के लिए लोन ले रहे है। समाजशास्त्री भारत के उपभोक्ता को एक ऐसे चौराहे पर खड़ा बताते है जहां वह बेहतरीन जिंदगी जीने के सपने देख रहा है, लेकिन उसके पास घटिया सार्वजनिक सुविधाएं और इंफ्रास्ट्रक्चर है और उसकी आय अस्थिर है। पिछले दो वर्षों में परिवारों की सकल वित्तीय बचत में गिरावट इसलिए भी थोड़ी चिंताजनक है क्योंकि गिरावट के साथ-साथ उनकी वित्तीय देनदारियों में भी दो प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। अर्थशास्त्री मानते हैं कि घरेलू बचत कम हो जाने से कॉर्पोरेट निवेश जुटाने के लिए न केवल अतिरिक्त धन का प्रवाह गंभीर रूप से प्रभावित होगा, बल्कि सरकारी उधारी के लिए उपलब्ध संसाधन भी सीमित हो जाएंगे। इसी प्रकार, निवेश पक्ष पर नवीनतम रुझान भी निराशाजनक है। हालांकि 2021-22 में घरेलू निवेश में सकल घरेलू उत्पाद के लगभग चार प्रतिशत अंक की वृद्धि हुई थी, लेकिन 2022-23 में यह फिर से कुछ दशमलव अंकों तक गिरकर 30.2 प्रतिशत हो गया है। बताया जा रहा है कि वास्तव में, यह केवल विदेशी निवेश में निरंतर बढ़ोतरी ही थी जिसने निवेश दरों को बढ़ावा दिये रखा। शेष विश्व से शुद्ध पूंजी प्रवाह पिछले दो वर्षों में लगभग तीन प्रतिशत अंक बढ़कर 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद के दो प्रतिशत तक पहुंच गया है। क्षेत्रीय रुझानों से पता चलता है कि कॉर्पोरेट निवेश, जो अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ा निवेशक है, ने अभी तक कोई महत्वपूर्ण सुधार नहीं दिखाया है। कॉर्पोरेट निवेश दरें, जो वास्तव में महामारी के दौरान कॉर्पोरेट बचत दर से भी नीचे गिर कर 2021-22 में जीडीपी के 14.1 प्रतिशत की कॉर्पोरेट बचत दर के बराबर हो गई थीं। यह दर्शाता है कि कॉर्पोरेट जगत ने अतिरिक्त निवेश के लिए संसाधन जुटाने का अपना हौसला खो दिया है। कॉर्पोरेट निवेश एक समय में सकल घरेलू उत्पाद का 4.5 प्रतिशत तक पहुंच गया था। निश्चित रूप से, कॉर्पोरेट क्षेत्र में नए निवेश की कमी न केवल संभावित विकास संभावनाओं को प्रभावित करेगी, बल्कि समठा निवेश और विकास को बढ़ावा देने के लिए बाहरी कोषों पर हमारी निर्भरता भी बढ़ाएगी। तसल्ली की बात यह है कि सरकारी या सार्वजनिक क्षेत्र के निवेश के मामले में परिदृश्य अपेक्षाकृत बेहतर है, जो अर्थव्यवस्था में कुल निवेश का लगभग दसवां हिस्सा होता है। हालांकि, सरकारी निवेश में लाभ अब भी बजट में उपलब्धियों के किए गए दावों की तुलना में बहुत कम है। नये सांख्यिकी रुझानों से पता चलता है कि पिछले तीन वर्षों में सरकार की सामान्य बचत सकल घरेलू उत्पाद के चार प्रतिशत से अधिक कम हो गई है। मगर दूसरी ओर इस अवधि में सरकारी निवेश सकल घरेलू उत्पाद के 3.9 प्रतिशत से 4.1 प्रतिशत तक मामूली बढ़त भी दर्ज की है। भले ही यह एक दशक का उच्चतम स्तर है, फिर भी कॉर्पोरेट निवेश में मंदी की भरपाई करने के लिए अर्थशास्त्री इसे बहुत कम बता रहे हैं। उनका कहना है कि यह अधिक निजी निवेश लाने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**स्पष्ट है कि घर और कार आदि के कर्ज का ब्याज चुकाने में आमदनी का बड़ा हिस्सा चला जा रहा है और परिवार के पास बचत के लिए बहुत कम पैसे बचते हैं। इनके अलावा दूसरे कर्जे भी हैं जिनका चुकारा बचत की संभावनाएं कम करता है। बाज़ार के विश्लेषकों का कहना है कि भारत के बढ़ते घरेलू कर्ज का एक बड़ा हिस्सा 'नॉन मॉर्गेज लोन' हैं।**

इसके अलावा अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के आवंटन में आया बदलाव भी कम दिलचस्प नहीं है। नये रुझानों पर निगाह रखने वाले विशेषज्ञ इन रुझानों का विश्लेषण करते हुए बताते हैं कि पिछले दशक के दौरान अर्थव्यवस्था के कुछ क्षेत्रों में कुल निवेश की हिस्सेदारी में सापेक्ष गिरावट दर्ज हुई लगती है। इनमें आवास, पानी, बिजली और अन्य सेवाएं, भोजन और गैर-अल्कोहल पेय, कपड़े और जूते, मादक पेय, होटल व रेस्तरां, मनोरंजन और संस्कृति शामिल हैं। दूसरी ओर इस अवधि के दौरान जिन क्षेत्रों में निवेश हिस्सेदारी बढ़ी है उनमें घरेलू उपकरण और साज-सामान, संचार, शिक्षा, स्वास्थ्य, और परिवहन आदि शामिल हैं। घरेलू बचत में गिरावट और साथ में कर्जों के बोझ से देश के आर्थिक विकास पर कैसा असर रहता है इस पर सबकी निगाह रहेगी। शासन में बैठे अर्थशास्त्रियों तथा नीति निर्माताओं को इन प्रवत्तियों की अंतर्निहित गतिशीलता (डायनेमिक्स) को समझना होगा तथा बाज़ार में मांग को प्रोत्साहित करने तथा वित्तीय स्थिरता के बीच नाजुक संतुलन बनाए रखना होगा क्योंकि इसमें अल्पकालिक मांग की चिंता तथा दीर्घकालीन संरचनात्मक मुद्दे शामिल हैं। आरबीआई ने अपनी रिपोर्ट में रेखांकित किया है कि वित्तीय देनदारियों में वृद्धि के बावजूद, भारत में घरेलू ऋण अन्य उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कम है इसलिए डिफ़ॉल्ट का जोखिम, भारतीय संदर्भ में सीमित माना जाना चाहिए। परिवारों का उधार लेने का मौजूदा उच्च स्तर वित्तीय या व्यापक तौर पर आर्थिक स्थिरता को खतरे में नहीं डालता है, लेकिन अगर ऐसा ही लगातार बना रहता तो मुश्किलें पैदा हो सकती हैं।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# सत्ता पक्ष व विपक्ष के नारे घनघोर



महावीर सिंह

1. वो संविधान बदलना चाहते है- -हम नहीं बदलने देंगे

2. लोकतंत्र मजबूत हाथों में ही सुरक्षित -लोकतंत्र से छेड़छाड़ नहीं होने देंगे

3. जनता किसको सही समझे??

ज्यों ज्यों लोक सभा के चुनाव आगे बढ़ रहे है, बड़ी रोचक बहस-चर्चाएं गली-मोहलों, चाय-पान की दुकानों और प्रातः सैर के लिए निकलने वाले समूहों में सुनने को मिल रही है। क्या वर्तमान सरकार फिर से प्रचंड बहुमत यानी 400 पार के बहुमत से आई तो संविधान बदल देगी और क्या क्या बदलेगी, कैसे बदलेगी। कुछ राजनीतिक दलों, संगठनों का कहना है कि ऐसा होने नहीं देंगे, कुछ का कहना है ऐसा करके ही मानेंगे। दोनों तरफ के लोग इस बात पर भी बराबर का जोर देते हैं कि--कोई माई का लाल बाबा साहेब के बनाये संविधान को बदल नहीं सकता-- तो दूसरा पक्ष इसी बात को यो कहता है--किसी माई के लाल में इतनी ताकत नही जो बाबा साहेब के बनाये संविधान को बदल दे--!!

घुमन्तु को इन समूहों में बड़े रोचक, अधिकतर सतही पर कुछ सारपूर्ण विचार भी सुनने को मिले जो विद्वान पाठकों के साथ शेयर कर रहा हूँ::--

1. एक समूह के कुछ व्यक्तियों का विचार था कि संविधान बदलना कोई बड़ी बात नहीं। पहले भी 105 बार बदलाव हो चुका है। कोई भी सरकार जिसे संसद में पर्याप्त बहुमत है, पर्याप्त संख्या में राज्य सरकारों का समर्थन है, वह संविधान में संसोधन कर वर्तमानं प्रावधानों को बदल सकती है।

2. किसी ओर ग्रुप में कुछ का विचार था भारत का संविधान चेक व बैलेंस के सिद्धांत पर आधारित है। संसद/विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका के दायित्व व अधिकार परिभाषित है और उन सीमाओं में रह कर ही सही प्रकार से शासन चलाया जा सकता है।

इसके विपरीत कुछ की राय यह थी कि 1975 में यह सब परिभाषाएं धरी रही गई और मनमर्जी से आपातकाल लगा, संविधान में ऐसे संसोधन हुए जिनमें से कुछ को पश्चातवर्ती जनता पार्टी की सरकार नें संसद से निरस्त करवाये।

इसलिए सब कुछ इस पर निर्भर करता है कि देश का नेतृत्व कैसा है-- सब को साथ लेकर चलने वाला है या मन की सुनकर उसी के अनुसार चलने वाला है? इस पर भी निर्भर करता है कि संसद में उस नेता को किस प्रकार के कितने सांसदों का बिना कोई तर्क वितर्क किये समर्थन है?यदि सत्ता पक्ष के व अन्य बहुत से सांसद नेता की सिटी की आवाज पर ही कदमताल करने वाले हों और इतनी संख्या में हों कि विपक्ष को बोलने ही न दें तो क्या नहीं हो सकता है?

3. कुछ अलग राय थी कि प्रचंड बहुमत वाली सरकार के फैसलों को सुप्रीम कोर्ट में चेलेंज किया जा सकता है। इसलिए ऐसी शंकाएं, केवल, जनता को डराने के लिए है। कुछ की शंकाएं थी कि न्यायपालिका भी तो मैनेज हो सकती। क्या सरकारें 2,4,5 साल में, पर्याप्त संख्या में अपनी विचारधारा के समर्थक न्यायाधीश नियुक्त कर, अपने फैसलों पर अपने पक्ष के निर्णय नही करवा सकती? कई कानून व राजनीति के विद्वान ऐसा कहते रहे है कि यह सम्भव है। जनता को भी, आम चर्चाओं के अनुसार, ऐसा कई बार लगता है।

4. एक व्यक्ति नें कुछ गम्भीर बात कही-- यदि शासन संविधान में उल्लेखित सिद्धांतों के अनुसार और मर्यादाएं से चलता है तों किसी को चिंतित होने की जरूरत नहीं किन्तु हर शासन में, कमोबेश खुल्लमखुल्ला या पर्दे में रह कर मर्यादाएं तोड़ी जाती रही है।

5. किसी एक अन्य समूह में चर्चा के दौरान एक आदमी नें पूछ लिया की वैसे 400 पर सांसद किसी दल के आ भी जाएं तो क्या क्या परिवर्तन कर सकते है?

दूसरे नें कहा--देश के झंडे का रंग बदल सकते है, सेक्युलर व सोसलिस्ट शब्द हटा सकते है, जनगणमन राष्ट्रगान के स्थान पर वन्देमातरम ला सकते है, मंत्रिमण्डलीय शासन प्रणाली की जगह राष्ट्रपति शासन प्रणाली ला सकते है, राष्ट्रपति/प्रधान मंत्री/मुख्यमंत्री जैसे पद बहुसंख्यकों के लिए आरक्षित कर दें, संसद-विधायिकाओं की समयावधि 5 साल के स्थान पर 8,10 साल कर सकते है, पूरे देश में एक झटके में यूनिफार्म सिविल कोड लागू कर सकते है। प्रचंड बहुमत की सरकार ठान ही ले तो आरक्षण खत्म कर सकती है, ओर बहुत सी ऐसी ही बातें हैं जो किसी भी दल की सरकार, अपने शासन को निरन्तरता देने के इरादे से कर सकता है!!

इसी समूह में एक व्यक्ति जो थोड़ा असहज व पृथक सा लग रहा रहा था, उसने दबी आवाज में कहा कि आरक्षण खत्म करने के लिए संविधान संशोधन की भी क्या जरूरत है? आसान रास्ता है, सरकारों में निम्नतम श्रेणी के पदों पर प्लेसमेंट एजेन्सीज से कॉन्ट्रेक्ट पर कर्मचारी ले लो, उच्च श्रेणी वाले पदों पर बाहर से (लेटरल सिलेक्शन) 2,4,5 साल के लिए भर्ती कर लो जैसे अब भी डिप्टी सेक्रेटरी, डायरेक्टर लेवल के पद भरे जा रहे है?? पब्लिक सेक्टर के संस्थानों को बेच दो। यह सब करते ही अधिकतर आरक्षण खत्म।

इसी समूह में यह भी सुनने को मिला कि वैसे भी वर्तमानं सत्ता पक्ष के कई छोटे-बड़े नेता, गाहेबगाहे संविधान में बड़े व युग परिवर्तन करी बदलावों की बात कहते ही रहते है। सत्ता पक्ष तो कह रहा है कि उन्होंने 2047 तक के लिए देश की प्रगति का विजन डॉक्यूमेंट बना लिया है!!50 साल तक राज करेंगे ऐसा भी छुटभैया नेताओं से बयान दिलवाए जाते रहे हैं।

एक बात की सो बात और सो बात की एक बात कि प्रचंड बहुमत की सरकार क्या अच्छा व क्या बुरा नहीं कर सकती? संविधान में बिना कई बदलाव के भी उसे प्राणविहीन/ निष्प्रभावी किया जा सकता है। एक अन्य व्यक्ति नें कहा,देखो, कोई भी सरकार हो, संविधान की मूल अवधारणाओं के विपरीत कुछ नही कर सकती और अगर करे तो सुप्रीम कोर्ट के निर्णय है, उन निर्णयों के आधार पर चेलेंज,ऐसे सरकारी फैसलों को खत्म कराया जा सकता है। किसी ओर ने कहा, क्या भोली भाली बातें कर रहे हो, न्यायपालिका में पर्याप्त संख्या में अपने विचारों या यों कहिए कृत्यों के फेवरेबल न्यायाधीश बैठाओ, प्रलोभन की गाजर लटकाओ और स्वतः सब ठीक हो जाएगा। इमरजेंसी पीरियड की टॉप ब्यूरोक्रेसी के लिए तो कहा गया था कि उन्हें झुकने के लिए कहा तो रेंगने लग गए किन्तु प्रचंड बहुमत वाली सरकार ठान ले तो लोकतंत्र के सतम्भ कहे जाने वाले सब संस्थानों से शीर्षासन करवा सकती है!!!

6. किसी अन्य समूह में तो ओर भी रोचक बात सुनने को मिली। वहां कइयों का विचार था कि संविधान बदले बिना भी बहुत से काम हैं जो केवल व केवल एक प्रचंड बहुमत वाली और शक्तिशाली नेतृत्व वाली सरकार ही कर सकती है। जैसे इस सरकार नें योग, आयुर्वेद, बाजरे-मक्का-ज्वार-रागी जैसे मोटे अनाजों को को विश्व पटल पर पहचान दिलाई वैसे ही प्रबल इच्छाा शक्ति और शक्तिशाली नेता हो तो हमारे पुराने ज्ञान को, जो वेदों-उपनिषदों-अनेकानेक पुराणों में दबा पड़ा है, उसे विश्वपटल पर मान्यता दिला सकती है। हमारे यहां सदियों पहले अंगप्रत्यग्रोपण, विमान निर्माण, कई दूर तक मार करने वाले हथियारों के निर्माण का ज्ञान-विज्ञान था, उसे विश्व को बताया जाएगा। भारत को विश्वगुरु का दर्जा दिलवाया जाएगा। यह पाश्चात्य व अरब देशों की साजिश थी कि हमारी भूतकाल की उपलब्धियों की जानकारियों से संसार को महरूम रखा!!

7. किसी ओर समूह के एक व्यक्ति की पीड़ा थी कि हमारे इतिहास का भी पुनर्लेखन होना चाहिये जो केवल 400 पार वाली सरकार ही कर सकती है। पुरानी सरकारों के राज में लिखे इतिहास में बाहरी आक्रमणकारियों का यशोगान किया गया है और हमारे बहादुर राजे-महाराजाओं, जिनकी वीरताओं के आगे ग्रीक, अरब, मुगल-सुगल-अंग्रेज कहीं टिकते ही नही थे, उन को गौण किया गया है या कमतर दिखाया गया। यह एक बड़ी साजिश थी और उसे केवल 400 पार के प्रचंड बहुमत वाली सरकार ही ठीक कर सकती है।

8. किसी अन्य समूह में एक ओर राय सामने आई कि चीन, रूस में सुप्रीम बोस कार्यकाल को बढ़ाने के लिए कई बार कानून बदलते है न, तो भारत में भी क्यों नही हो सकता? अन्य कई देशों में भी एकलवादी शासनाध्यक्ष को गद्दी पर कायम रखने के लिए संविधान बदलते रहते है। अगर यहां भी हो जाए तो आम आदमी को क्या फर्क पड़ना है????

देश का सुप्रीम नेता स्ट्रांग तो होना ही चाहिए जिस से विदेशों में देश क्रा गौरव बढ़े। पाकिस्तान व चीन जैसे देश पड़ोसी उसका नाम सुनते ही थरथर कांपने लगें। मालद्वीप व दूसरे छोटे-छोटे देश देश के हितों के विपरीत कुछ करने की सपने में भी न सोचें। एक साथ वाले नें थोड़ा संसोधन का प्रयास किया-- भाई जी, नेता स्ट्रांग तो हो किन्तु इतना भी नहीं कि बाकी सहयोगी शून्य हो जाएं और वह केवल अपने मन की ही सुने और सुनाए।

9. एक ओर राय किसी सज्जन की सुनाई दी। भारत अनेक पंथों-संप्रदायों-पूजा पद्दतियों, बोलियों व भाषाओं, संस्कृतियों, त्योंहारों, क्षेत्रीय आकांक्षाओं वाला देश है। इसे चलने के लिए इन सब को एक साथ लेकर चल सकने वाला, समन्वयकारी नेता चाहिए।

वैसे एक राय यह थी कि चुनाव के समय इस प्रकार के उल्टे-सीधे बयान, चाहे कोई भी दल दे, केवल जनता को भ्रमित करने और वोट लेने के लिए दिए जाते हैं। जिनका आम जनता के दैनिक जीवन और उसकी कठिनाइयों से कोइ खास सम्बन्ध नहीं होता। देश में सामाजिक स्तर पर भाईचारा बना रहे तभी देश मजबूत होगा, प्रगति करेगा।

**–महावीर सिंह,**
**पूर्व आईएएस**

# प्रधानाध्यापक के स्कूल में शराब पीकर आने से विद्यार्थियों व ग्रामीणों में आक्रोश

## प्रधानाध्यापक की यह कोई पहली घटना नहीं है, अपितु पूर्व में भी ऐसी घटनाएं हो चुकी है

**मसूदा, (निसं)।** राज्य सरकार एवं राज्य के शिक्षा मंत्री विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों के प्रति जागरूकता दर्शाते हुए शिक्षकों की जवाबदेही तय करने के आए दिन बयान आते रहते हैं। वहीं ब्यावर जिले के मसूदा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी क्षेत्र के कोट का बाड़िया के राजकीय प्राथमिक विद्यालय के फतहराज नामक शराबी प्रधानाध्यापक द्वारा राज्य सरकार एवं राज्य के शिक्षा मंत्री की बयानबाजी को शायद ठेंगा दिखाने का प्रयास किया जाना प्रतीत होता दिखाई दे रहा है। आश्चर्य तो इस बात का है कि यह कोई पहला मौका नहीं है जब विद्यालय के प्रधानाध्यापक का पहली बार शराब के नशे में विद्यालय आना हुआ हो अपितु पूर्व में भी इस प्रकार की घटनाओं की लगातार पुनरावृत्ति हो रही है।

पुनरावृति का उदाहरण मंगलवार को एक बार फिर उस समय सामने आया जब विद्यालय के प्रधानाध्यापक फतेहराज शराब के नशे में विद्यालय पहुंचे। इसको लेकर विद्यार्थियों द्वारा अभिभावकों को की गई शिकायत को लेकर अभिभावक एवं ग्रामवासियों के विद्यालय में पहुंचने पर प्रधानाध्यापक के शराब के नशे में पाए जाने के साथ ही संबंधित प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों एवं ग्रामवासियों के साथ अभद्र व्यवहार तक करने की हिम्मत जुटा ली। यही नहीं अभिभावकों द्वारा शराबी प्रधानाध्यापक से जब यह पूछा कि वे शराब पीकर विद्यालय में आते हैं तो विद्यार्थियों पर इसका क्या असर पड़ेगा, इस पर प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों से ही सवाल करने शुरू कर दिए कि शराब पीकर आना कौन सा गुनाह कर दिया। प्रधानाध्यापक ने अपनी दबंगई दिखाते हुए शराब की बोतल को पीछे रखकर टेबल पर पड़ी बोतल को मुंह से लगाकर कहा ये लो पीऊंगा, क्या करोगे मेरा। इसी दौरान प्रधानाध्यापक ने सबके सामने यह और कहा कि पहले मैंने शराब पी अब बीड़ी भी पीउंगा और यह कहते हुए जेब से बीड़ी का बंडल भी निकाल लिया।



**प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों एवं ग्रामीणों से अभद्र व्यवहार किया।**

उक्त प्रधानाध्यापक की यह कोई पहली घटना नहीं है अपितु पूर्व में भी इस प्रकार की घटनाएं करने पर यहां से झांक विद्यालय में प्रतिनिधित्व पर भेज दिया था परंतु कुछ समय बाद प्रधानाध्यापक ने इसी विद्यालय में पुनः कार्यभार करने के बाद से ही लगातार आए दिन शराब पीकर विद्यालय में आने की घटनाओं की लगातार की जा रही पुनरावृति के क्रम में मंगलवार को एक बार फिर शराब पीकर विद्यालय में आने की घटना को दोहराया गया। घटनाक्रम की जानकारी अभिभावकों व ग्रामवासियों द्वारा नोडल विद्यालय नया गांव के पीईईओ को देने पर नया गांव के पीईईओ एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानचार्य नरेन्द्र कुमार शर्मा ने विद्यालय के एक प्राध्यापक बलवीर दान को घटनास्थल कोट का बाडिया विद्यालय भेजा। प्राध्यापक बलवीरदान ने घटना स्थल का मौका पर्चा बनाकर अभिभावकों व ग्रामवासियों के बयान दर्ज किए। उधर ग्रामवासियों व अभिभावकों ने विद्यालय पर तालाबंदी किए जाने की चेतावनी दी है।

मसूदा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शिवकुमार दुबे से इस मामले में जानकारी चाहने पर उन्होंने अपने को जयपुर होने व घटना के बारे में अनभिज्ञता जाहिर करते हुए कल कार्यालय समय में जानकारी लेने को कहा है। इस घटना को लेकर मसूदा क्षेत्र के विधायक के एक जिम्मेदार प्रतिनिधि होने के मद्देनजर क्षेत्रीय विधायक का भी पक्ष जानने को आवश्यक समझते हुए विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत से दूरभाष पर सम्पर्क करने का प्रयास किया परन्तु उनका फोन नो रिप्लाई आने से सम्पर्क तो नहीं हो सका।

- **मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मसूदा का कहना है कि जयपुर आया हुआ हूं, इस घटना की जानकारी नहीं है, कल कार्यालय समय में घटना की जानकारी ली जाएगी**

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मसूदा का कहना है कि कार्यालय कार्य से आज जयपुर आया हुआ हूं। इस घटना की जानकारी नहीं है। कल कार्यालय समय में घटना की जानकारी ली जाएगी।

# भीषण गर्मी में चिकित्सालय में रोगियों की भरमार

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे की जोबनेर सड़क स्थित राजकीय उपजिला चिकित्सालय को क्रमौन्नत हुए लगभग एक वर्ष पूर्ण हो चुका है, लेकिन आज दिन तक उसे वो सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाई जो कि जनता के लिए आवश्यक है।

जानकारी अनुसार उप जिला चिकित्सालय के अनुरूप न तो चिकित्सकों के पद हैं, न ही नर्सिंग स्टाफ के और न ही उतनी जांचें उपलब्ध हैं, जो एक उपजिला चिकित्सालय में होनी आवश्यक है। इस भीषण गर्मी में आउटडोर में मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। बुखार, उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। गर्मी के मौसम में डीहाइड्रेशन से ऐसी स्थिति बन रही है। वहीं एक बैड पर ही दो-दो मरीजों को लेटाकर उपचार दिया जा रहा है। गर्मी के मौसम को देखते हुए वार्डों में कूलर की व्यवस्था होनी चाहिए। इस मौसम में पंखे भी गर्म हवा दे रहे हैं। वार्डों में अभी तक कूलर तक नहीं लगाए है। साथ ही इंडोर पेशेंट के नाम से चिकित्सालय में कोई माकूल व्यवस्था नहीं है। फस्ट-एड देकर जयपुर रैफर कर दिया जाता है। ना तो मरीज को भर्ती किया जाता है और ना ही ऑपरेशन किए जाते हैं।

- **फुलेरा के राजकीय उपजिला चिकित्सालय को क्रमौन्नत हुए लगभग एक वर्ष पूर्ण हो चुका है, लेकिन आज दिन तक उसे वो सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाई जो कि जनता के लिए आवश्यक है**

चिकित्सालय का स्तर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक सीमित कर रखा है। एक उपजिला चिकित्सालय स्तर के चिकित्सालय में कोई जनरल सर्जन एम.एस नहीं है, न ही ऑर्थोपेडिक सर्जन है, न ही ईएनटी सर्जन है। दुर्घटना होने पर मरीज को तुरंत रैफर कर दिया जाता है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 1 मई, 2024**

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2081, श्रवण नक्षत्र रात्रि 3:11 तक, शुभ योग रात्रि 8:01 तक, बालव करण सांय 4:54 तक, चन्द्रमा मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-मकर, मंगल-मीन, बुध-मीन, गुरू-मेष, शुक्र-मेष, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज गुरू कृत्तिक 2 वृष राशि में दिन 1:02 पर प्रवेश करेगा। आज शीतलाष्टमी, बूढ़ा बास्योडा, कालाष्टमी है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:08 तक, शुभ 10:46 से 12:24 तक, चर 3:40 से 5:18 तक, लाभ 5:18 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 5:52, सूर्यास्त 6:55

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मिथुन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**सिंह**
स्वास्थ्य से संबंधित चिन्ता दूर होगी। किसी भी कारण से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**तुला**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**धनु**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यक्तिगत प्रयासों से महत्वपूर्ण कार्यों का क्रियान्वयन होगा।

**कुंभ**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 19 संख्याः 24 प्रभात जालोर, बुधवार 1 मई, 2024 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.



*छद्मावरण जैसी खाल, अत्यधिक लंबी पूंछ और पेड़ पर चढ़ने की असाधारण क्षमता वाले क्लाउडेड लैपर्ड के एक जैनेटिक अध्ययन में सामने आया है कि आवास में आई कमी और शिकार के कारण मध्यम आकार के इन जानवरों की आनुवंशिक विविधता को भारी धक्का लगा है तथा जंगल में इनके दीर्घकालीन सरवाइवल के लिए यह एक चेतावनी है। साइन्स एडवान्सेज़ में प्रकाशित जीनोमिक्स विश्लेषण में पाया गया कि, भारी अन्तर्प्रजनन, सीमित आनुवंशिक विविधता और म्यूटेशन्स की उपस्थिति इनके प्रजनन को नुकसान पहुँचा सकती है। शोध के लेखकों का कहना है कि, मनुष्य की गतिविधि के कारण हाल ही में इनकी आबादी में आई भारी गिरावट के कारण इन जानवरों के नकारात्मक जैनेटिक लक्षणों में भारी बढ़ोतरी हुई है। शोध में कहा गया है कि, ''इनके हैबिटैट (आवास) में हुए भारी विखंडन और अत्यधिक अन्तर्प्रजनन के कारण संभवतः इतने अधिक हानिकारक म्यूटेशन हुए हैं। ये दोनों ही जैनेटिक संकट के मुख्य संकेतक हैं और इस संकटग्रस्त ''बिग कैट'' प्रजाति के सरवाइवल के लिए त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर देते हैं। पूर्व में क्लाउडेड लैपर्ड को एक ''सिंगल स्पीशीज़'' माना जाता था, फिर सन् 2006 में डी.एन.ए. सबूतों से सामने आया कि, एशियन मेनलैण्ड में रह रही आबादी साउथईस्ट एशियन द्वीपों की आबादी से काफी भिन्न है, जिसके कारण वैज्ञानिकों ने इन्हें एक अलग प्रजाति के रुप में वर्गीकृत किया। मेनलैण्ड क्लाउडेड लैपर्ड (निओफेलिस नीबुलोसा) नेपाल से दक्षिणी चीन तथा मलेशिया के दक्षिण में पाया जाता है तथा सुण्डा क्लाउडेड लैपर्ड (निओफेलिस डिआर्डी) केवल बोर्निओ और सुमात्रा द्वीपों पर रहते हैं। दोनों प्रजातियाँ आई.यू.सी.एन. की रैड लिस्ट के ''अतिसंवेदनशील'' वर्ग में शामिल हैं। जिसमें बताया गया है कि, पिछले दो दशकों में इन जानवरों का तकरीबन एक-तिहाई आवास क्षेत्र खत्म हो गया है। अवैध वाइल्डलाइफ ट्रेड में इनकी खाल की बहुत मांग है। सभी बिग कैट्स के समान क्लाउडेड लैपर्ड्स को भी सरवाइवल के लिए विस्तृत क्षेत्रों की आवश्यकता होती है।*

# क्या शीला दीक्षित के पुत्र संदीप दीक्षित भाजपा जॉइन करेंगे

## संदीप दीक्षित लोकसभा चुनाव का टिकट न मिलने से काफी दुखी व रूष्ट थे

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- **भाजपा ने संदीप दीक्षित को भाजपा का टिकट देने का भी ऑफर दिया है, भाजपा, हर्ष मेहता का टिकट काटकर ईस्ट दिल्ली से संदीप को अपना उम्मीदवार बनाने को तैयार है।**
- **हाल ही में अरविन्द सिंह लवली, संदीप दीक्षित व सुभाष चौपड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता रामबीर सिंह बिधुरी के फार्म हाऊस पर मिले थे।**
- **जैसा कि विदित ही है, लवली व दीक्षित कांग्रेस से काफी रूष्ट हैं, क्योंकि दोनों को पार्टी ने लोकसभा का टिकट नहीं दिया।**
- **बहरहाल, अजय माकन ने अपने विश्वासी, देवेन्द्र यादव को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस पार्टी का अंतरिम अध्यक्ष बनवा दिया, क्योंकि, लवली के इस्तीफा देने के बाद, यह पद खाली पड़ा था।**
- **देवेन्द्र भाटी बड़े बिल्डर हैं दिल्ली में और वे दिल्ली पी.सी.सी. के दफ्तर का 10-15 लाख रूपये का खर्च अपनी पॉकेट से भरेंगे।**
- **अजीबोगरीब बात यह भी है कि, यादव पंजाब व उत्तराखंड के प्रभारी भी हैं और जैसा कि विदित ही है, कांग्रेस दिल्ली में आप के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ रही है, जबकि पंजाब में दोनों प्रतिद्वंदी के रूप में आमने-सामने चुनाव लड़ रहे हैं।**

नई दिल्ली, 30 अप्रेल। दिल्ली कांग्रेस बिखर रही है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने इस्तीफा दे दिया है, क्योंकि पार्टी ने उन्हें लोकसभा टिकट देने से इन्कार कर दिया था।

अजय माकन ने अपने निष्ठावान देवेन्द्र यादव को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डी.पी.सी.सी.) का अंतरिम अध्यक्ष बनाया है, इस आश्वासन के साथ कि, वे डी.पी.सी.सी. के संचालन के लिए अपनी जेब से 10 से 15 लाख रूपए प्रतिमाह खर्च करेंगे। दीपक बाबरिया ने अन्य अभ्यर्थियों के बारे में जानकारी की थी और बात की थी, लेकिन जब माकन को यादव को प्रदेश अध्यक्ष बनाने का यह अवसर मिला तो, अन्य अभ्यर्थियों को साइडलाइन कर दिया गया। देवेन्द्र यादव एक धनी व्यक्ति हैं। यह आरोप भी हैं कि, दिल्ली के रिअल एस्टेट में उनका मोटा धन लगा हुआ है। पहले उत्तराखण्ड और अब पंजाब के प्रभारी के रूप में उन्होंने भारी लाभ कमाए हैं। किसी भी हिसाब से पंजाब एक समृद्ध राज्य है, लेकिन स्थिति की विडम्बना देखिए।

देवेन्द्र यादव अब पंजाब और दिल्ली दोनों के प्रभारी हैं। पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन दिल्ली में कांग्रेस और ''आप'' चुनावी गठबंधन में हैं, और दोनों मिलकर भाजपा से लोहा ले रहे हैं।

क्या यह बात कांग्रेस के बड़े नेताओं को चिन्तित करती है? या देवेन्द्र यादव कोई सुपरमैन हैं।

बात बहुत दिलचस्प है।

ज्ञात हुआ है कि, भाजपा संदीप दीक्षित को अपनी पार्टी में आने के लिए प्रलोभन दे रही है। संदीप दीक्षित तीन बार दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं कांग्रेस नेता शीला दीक्षित के पुत्र हैं। भाजपा पूर्वी दिल्ली से हर्ष मल्होत्रा का टिकट काटकर संदीप दीक्षित को भाजपा का टिकट देने के लिए राजी है, यदि वो भाजपा में शामिल होते हैं तो।

सूत्र बताते हैं कि, अरविन्दर सिंह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्र.मंत्री मोदी महाराष्ट्र की चुनावी सभाओं में शरद पवार को ''टारगैट'' क्यों कर रहे हैं?

## मोदी ने शरद पवार को ''भटकती आत्मा'' कहा, जो राजनीतिक महत्वकांक्षा पूरी न होने के कारण जगह-जगह भटकती फिर रही है

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- **मोदी ने यह भी कहा कि, जब-जब पवार की महत्वकांक्षा पूरी होती नहीं दिखती है, पवार दूसरों का खेल बिगाड़ने में लग जाते हैं और यही कारण है कि, महाराष्ट्र में पिछले 45 साल में कोई स्थिर सरकार नहीं आयी है तथा महाराष्ट्र की एक अस्थिर प्रदेश होने की छवि बन गयी है।**
- **पवार ने अपनी महत्वकांक्षा की यात्रा 45 वर्ष पूर्व शुरू की थी, इंदिरा गांधी को धोखा देकर। जनता पार्टी से हाथ मिलाकर महाराष्ट्र में सरकार बनायी थी तथा अभी भी उसी राह पर आगे बढ़ रहे हैं।**
- **पर, अब इंटैलीजैंस रिपोर्ट्स के अनुसार चुनाव में पवार व उद्धव ठाकरे के लिये जनता में सहानुभूति उभर रही है, इस सहानुभूति को जड़ से खत्म करने के लिये मोदी ने पवार की छवि खराब करने का अभियान छेड़ रखा है।**

नई दिल्ली, 30 अप्रेल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महाराष्ट्र में उनकी चुनावी जनसभाओं में राष्ट्रवादी कांग्रेसी पार्टी के संस्थापक शरद पवार पर लगातार हमले, कटाक्ष और प्रहार कर रहे हैं जो इस बात का संकेत है कि भाजपा व उसके दो सहयोगी दलों के प्रत्याशियों के प्रदेश में विकेट उड़ने वाले हैं। इस राज्य से लोकसभा में 48 सांसद निर्वाचित होकर जाते हैं।

उच्चस्तरीय सूत्रों ने बताया, शरद पवार व शिव सेना नेता उद्धव ठाकरे दोनों के प्रति बड़ी सहानुभूति लहर होने की गुप्त सूचना मिलने के बाद सचेत होकर प्रधानमंत्री ने एन.सी.पी. सुप्रीमो के खिलाफ चुनावी प्रहार तीखे कर दिए हैं।

मोदी ने पुणे में कल शरद पवार को एक सभा में भटकती हुई आत्मा कहा था उसके एक दिन बाद उन्होंने मंगलवार को एन.सी.पी. के नेता पर हमला जारी रखते हुए कहा कि जब वो केन्द्रीय कृषि मंत्री थे तब उन्होंने अपने पद पर रहते हुए किसानों के हितार्थ कुछ खास कार्य नहीं किया था।

मोदी ने महाराष्ट्र में शोलापुर जिले के मालशीरस में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब महाराष्ट्र का एक बड़ा नेता केन्द्रीय कृषि मंत्री था, उस समय प्रदेश के किसान गन्ना कमीशन की बकाया राशि के लिए उनके चक्कर काटा करते थे। महाराष्ट्र में एक भटकती आत्मा है। यदि वो खुद सफल नहीं होते हैं तो वे दूसरों के अच्छे कार्यों को भी नष्ट करते हैं। मोदी ने उक्त बातें सोमवार को एक जनसभा में शरद पवार का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधते हुए कही और कहा था, महाराष्ट्र इस आत्मा से पीड़ित रहा है।

मोदी ने पुराना वाकया दोहराते हुए कहा कि यह अस्थिरता का खेल महाराष्ट्र में 45 वर्ष पूर्व इसी नेता ने शुरु किया था जो सिर्फ स्वयं की महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए किया था, जिसके चलते महाराष्ट्र प्रदेश में हमेशा अस्थिरता रहीं। इसका परिणाम यह हुआ कि कई मुख्यमंत्री अपने निर्धारित कार्यकाल पूर्ण नहीं कर पाए।

आज मालशीरस की जनसभा में मोदी ने मतदाताओं से कहा कि वे कांग्रेस ओर अन्य विपक्षी दलों को अपना कीमती वोट देकर बर्बाद नहीं करें। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस ने आनंद शर्मा को कांगड़ा से टिकट दिया

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 30 अप्रेल। कांग्रेस ने मंगलवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री और राज्यसभा सदस्य आनंद शर्मा को उनके गृह राज्य हिमाचल प्रदेश की कांगड़ा सीट से उम्मीदवार घोषित किया, और बॉलीवुड अभिनेता, राज बब्बर को दिल्ली के ''सैटलाइट टाउन'', हरियाणा के गुरूग्राम से चुनाव लड़वाने का निर्णय लिया है। कांग्रेस द्वारा चयनित दो अन्य उम्मीदवार, उत्तरी मुंबई से भूषण पाटिल

- **पार्टी ने राज बब्बर को गुरूग्राम से प्रत्याशी बनाया है।**

और हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर से सतपाल रायज़ादा हैं।

बब्बर तीन बार सांसद रह चुके हैं जबकि आनंद शर्मा उन लोगों में से एक हैं जिन्होंने, वर्ष 2020 में उस समय के कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखे उस पत्र पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें कांग्रेस नेतृत्व के पूर्ण कायापलट की मांग की गई थी। इस घटना को पार्टी में एक विद्रोह की तरह देखा गया था। इन चारों सीटों पर सात चरणों वाले चुनावों के छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा।

# सीकर में माकपा समर्थकों ने जीत की हवा बनाई

## सट्टा बाज़ार भी हवा के प्रभाव में आकर जीत का रूझान दिखा रहा है

- **पर, क्या इस बार फिर वही नतीजा होगा, जैसा विधानसभा चुनाव में धोद सीट पर देखा गया था, जहां से माकपा के पेमाराम प्रत्याशी थे।**
- **विधानसभा चुनाव में पेमाराम की जीत के बड़े दावे किए गए थे कि, एस.सी., एस.टी., अल्पसंख्यक और जाटों के एक मुश्त वोट उन्हें मिले हैं, ऐसे ही दावे अभी अमराराम के लिए किए जा रहे हैं।**
- **पर, विधानसभा चुनाव में पेमाराम को भाजपा के गोवर्धन वर्मा ने 30,000 वोटों से हराया था। आम मतदाता को यकीन है कि, इस बार भी ऐसा ही होगा और भाजपा प्रत्याशी सुमेधानंद भारी अंतर से जीतेंगे।**

सीकर, 30 अप्रेल (निसं)। सीकर लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद यहां पर हार जीत को लेकर मतदाता न केवल कयास लगा रहे हैं। बल्कि उनमें भारी उत्साह भी है। सट्टा बाजार में हालांकि माकपा प्रत्याशी अमराराम के समर्थन में रुझान बताया जा रहा है, पर आम मतदाता की राय इसके विपरीत है। हालांकि परिणाम आने में एक माह से अधिक का समय है।

सीकर संसदीय क्षेत्र के धोद विधानसभा क्षेत्र से सीकर लोकसभा सीट से माकपा उम्मीदवार का चुनाव लड़ना एक संयोग ही है। विधानसभा चुनाव में भी सट्टा बाजार एवं माकपा के मुखर समर्थकों का रुझान धोद सीट पर कॉमरेड को जीता हुआ मान रहा था। विधानसभा चुनाव के दौरान धोद विधानसभा क्षेत्र में माकपा की हार हुई और भाजपा के गोवर्धन वर्मा करीब तीस हजार मतों से जीते थे। उस दौरान भी सट्टा बाजार में भाजपा उम्मीदवार के भाव बीस से पच्चीस पैसे निकले और सट्टा बाजार में अफवाहों के चलते माकपा उम्मीदवार पेमा राम की जीत के दावे किए गए थे।

इस बार फिर सट्टा बाजार के साथ चर्चाओं का बाजार भी गर्म हो गया है, अफवाह उड़ाई जा रही है कि एस.सी., एस.टी., अल्पसंख्यक व जाटों के वोट एकतरफा माकपा के पक्ष में गये हैं। विधानसभा चुनाव की गणित के समान ही माकपा के मुखर समर्थकों ने लोकसभा चुनाव में भी माकपा के अमराराम की जीत पक्की होने की हवा फैला दी है। सट्टा बाजार में भी अमराराम की लीड व जीत रुझान बताए जा रहे हैं। टिकट की घोषणा के समय तो भाजपा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# स्ट्रीट वैंडर्स पर दंडात्मक कार्यवाही नहीं

जयपुर, 30 अप्रेल (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और नगर निगम को कहा है कि, वह याचिकाकर्ता संगठन के उन स्ट्रीट वैंडर सदस्यों पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं करे, जिनके पास निगम की ओर से दिए

- **राजस्थान हाई कोर्ट ने बिना आई.डी.कार्ड वाले स्ट्रीट वैंडर्स पर कार्यवाही करने से निगम को रोका और गृह सचिव, जे.डी.ए., नगर निगम और डी.पी.पी. को नोटिस भेजा।**

पहचान पत्र नहीं हैं। अदालत ने गृह सचिव, स्थानीय निकाय सचिव, जेडीए, नगर निगम और डीजीपी से जवाब मांगा है। अदालत ने स्ट्रीट वैंडर्स

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या भीलवाड़ा में पूर्व सांसद डॉ. सी.पी. जोशी हारी हुई लड़ाई लड़ रहे हैं?

## कम मतदान के बावजूद भी भाजपा के दामोदर अग्रवाल जीत के प्रति आश्वस्त लग रहे हैं

- **स्थानीय स्तर पर कांग्रेस का कमज़ोर संगठन और कार्यकर्ताओं की नाराजगी जोशी को भारी पड़ सकती है।**
- **जोशी का स्थानीय कार्यकर्ताओं पर भरोसा नहीं कर पाना भी एक बड़ा कारण रहा, जिसकी वजह से कार्यकर्ताओं ने उनसे दूरी बना ली, जोशी के चुनाव अभियान का संचालन उनके साथ बाहर से आए लोगों में किया।**
- **इसके विपरीत भाजपा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल को मजबूत भाजपा संगठन, मोदी के करिश्माई नेतृत्व और बड़े नेताओं की सभा व रोड शो से भारी मदद मिली। इससे क्षेत्र में उनके पक्ष में अच्छा माहौल बना, जो उन्हें जीत की और ले जा रहा लगता है।**

भीलवाड़ा, 30 अप्रेल (निसं)। भीलवाड़ा में लोकसभा चुनाव काफी दिलचस्प रहा। वर्ष 2019 के मुकाबले इस बार यहां मतदान प्रतिशत कम रहा पर ग्राउण्ड रिपोर्ट बताती है कि आम धारणा के विपरीत कम मतदान का लाभ कांग्रेस को नहीं बल्कि भाजपा को मिलेगा। भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के 70 वार्डो का रुझान देखने से लगता है कि कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व विधानसभाध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी का जीत पाना मुश्किल है। भाजपा के दामोदर अग्रवाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्मा और पिछले दिनों अयोध्या में हुए राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के कारण हिंदू मतदाताओं के बीच हुए ध्रुवीकरण से इतने उत्साहित हैं कि उन्हें अपनी जीत की गारंटी नज़र आ रही है, यहां चुनाव स्थानीय मुद्दों पर नहीं बल्कि राष्ट्रवाद और सनातन धर्म की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाने के कारण मोदी के नाम पर लड़ा गया।

मतदान के दिन भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह नजर आ रहा था, वही अन्तर्कलह से ग्रस्त कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं में भारी उदासीनता देखी गई। डॉ. सी.पी. जोशी का सबसे कमजोर पक्ष यह रहा की स्थानीय कांग्रेस संगठन के नाम पर ज़ीरो नज़र आ रही थी, उस पर जोशी की कार्यशैली से स्थानीय कार्यकर्ता भी नाखुश दिखे। जोशी ने स्थानीय नेताओं पर भरोसा करने के बजाय अपने साथ लाए लोगों के माध्यम से चुनाव का संचालन करवाया। इसलिए स्थानीय कार्यकर्ता जोशी से दूर-दूर ही रहे।

मतदान की स्थिति देखी जाए तो भीलवाड़ा शहर के पुर कस्बे के वार्ड नंबर 1 और 3 में कांग्रेस के काउंटर पर उत्साह नजर आया तथा गुल नगरी, गुलशन नगर, सांगानेर, गुलमंडी, काशीपुरी, मतदान केंद्रों पर कांग्रेस समर्थकों की संख्या ज्यादा रही, वही शहर के मध्य भोपाल गंज, शास्त्री नगर, तिलक नगर, सुभाष नगर, जवाहर नगर, गांधीनगर, सर्राफा बाजार, खटीक मोहल्ला, पंचवटी क्षेत्र सहित राजेंद्र मार्ग मतदान केन्द्रों पर भाजपा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के समर्थन में मतदान का भारी रुझान नज़र आ रहा था। जिले के कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में भी जोशी को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'न्यायिक व्यवस्था पर गंभीर नहीं सरकार'

जयपुर, 30 अप्रेल (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव और प्रमुख विधि सचिव को शपथ पत्र पेश कर यह बताने को कहा है कि, आखिर अदालतों में सरकार की ओर से लचर पैरवी की व्यवस्था कब तक रहेगी। इसके

- **राजस्थान हाई कोर्ट ने अदालतों में सरकारी वकीलों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के बाबत की गई कार्यवाही के बारे में पूछा और मुख्य सचिव और प्रमुख विधि सचिव को नोटिस भेजा।**

अलावा दोनों अधिकारी यह भी बताएं कि, सरकारी वकीलों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए क्या कार्रवाई की गई है। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इंडियन कोस्ट गार्ड के पेपर में नकल करवाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## छह गिरफ्तार, सभी आरोपी कंप्यूटर हैक कर पेपर को सॉल्व कर देते थे

- राजधानी टॉवर स्थित राजीव गांधी साक्षरता मिशन के सर्वर रूम में लगे कंप्यूटर को बतौर सबूत सील किया
- आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि पेपर सॉल्व करने की एवज में 10 से 15 लाख रुपए लेते थे


कोटा की विज्ञान नगर थाना पुलिस एवं एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**कोटा/जयपुर, (निसं)।** कोटा जिले की विज्ञान नगर थाना पुलिस एवं एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने बड़ी कार्रवाई करते हुए इंडियन कोस्ट गार्ड के पेपर-2/2024 में नकल करवाने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर छह आरोपियों को गिरफ्तार कर मोबाइल व एक क्रेटा कार जब्त की है। मोबाइल में परीक्षा के एडमिट कार्ड व प्रश्न पत्र की सामग्री पाई गई है। यह सभी आरोपी कंप्यूटर हैक कर पेपर को सॉल्व कर देते थे। इसकी एवज में आरोपी लाखों रुपए अभ्यर्थियों से वसूलते थे। इसके लिए यह कंप्यूटर सिस्टम में रिमोट सिस्टम का एक्सेस डालते थे। इस मामले में पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

कोटा सिटी एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि उन्हें 23 अप्रेल को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि राजधानी टावर आईटी पार्क के पास कुछ संदिग्ध लोग घूम रहे हैं। यह लोग पेपर लीक गिरोह के सदस्य हो सकते हैं। मौके पर जब पुलिस पहुंची तब एक कार में छह लोग बैठे हुए मिले जिनके पास कोस्ट गार्ड एनरोल्ड पर्सनल टेस्ट के एडमिट कार्ड और प्रश्न पत्र के साथ अन्य सामग्री थे। पूछताछ करने पर यह लोग संतुष्ट जवाब नहीं दे पाए। ऐसे में उनके खिलाफ आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अनुसंधान नियति शर्मा को जांच सौंपी गई।

एसपी डॉ. दुहन का कहना है कि अनुसंधान के दौरान आरोपियों ने बताया कि वह कंप्यूटर को हैक कर उसके प्रश्न पत्र को हल करते थे। इसके लिए रियल वीएनसी विवर और एनीडेस्क एप का उपयोग करते थे। मामला संदिग्ध पाए जाने पर साइबर सिक्योरिटी एनालिसिस की मदद से जांच भी की गई है। राजधानी टॉवर स्थित राजीव गांधी साक्षरता मिशन के सर्वर रूम में लगे कंप्यूटर को बतौर सबूत सील किया गया है। इसके अलावा आरोपियों के मोबाइल और कार को भी जब्त कर लिया गया है।

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि पेपर सॉल्व करने की एवज में 10 से 15 लाख रुपए लेते थे। मामले में पुलिस ने चूरू जिले के राजगढ़ तहसील के हम्मीरवास थाना के बगड़वा गांव निवासी 38 वर्षीय अशोक पुत्र राम सिंह जाट, हरियाणा के भिवाड़ी जिले के लोहारू थाना के बरालू निवासी 29 वर्षीय संदीप बुडालिया पुत्र रामचंद्र, झुंझुनू जिले के सिंघाना थाना के पालोता गांव निवासी 24 वर्षीय प्रतीक गजराज पुत्र कर्मवीर जाट को गिरफ्तार किया है। साथ ही झुंझुनू जिले के काटधनोरी निवासी 32 वर्षीय रणवीर सिंह पुत्र सुमेर सिंह राजपूत, झुंझुनू जिले के पचेरी थाना की गोपाल की ढाणी निवासी 29 वर्षीय अशोक पुत्र श्यामलाल यादव व झुंझुनू जिले के गुढ़ागोड़जी थाना के धमोरा निवासी 21 वर्षीय राहुल जाखड़ पुत्र रामावतार जाट को गिरफ्तार किया है।

# कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने आत्महत्या की

## मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी कर रहा था छात्र

- छात्र के रूम में सुसाइड नोट भी मिला है, जिस पर लिखा हुआ था- मुझसे नहीं हो पाएगा
- कोटा में छात्रों की सुसाइड का यह इस साल का आठवां मामला है

**कोटा, (निसं)।** शहर में कोचिंग छात्रों के सुसाइड का सिलसिला थम नहीं रहा है। अभी हाल ही में हरियाणा के नीट स्टूडेंट की सुसाइड के बाद अब फिर से एक नया मामला सामने आया है। मंगलवार को फिर से कोटा के एक कोचिंग छात्र ने आत्महत्या कर ली है। वह छात्र भी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी कर रहा था। जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस संबंध में लड़के के परिजन को जानकारी दे दी गई है। कोटा में छात्रों की सुसाइड का यह इस साल का आठवां मामला है।

सब इंस्पेक्टर गोपाल लाल बैरवा का कहना है कि बीते एक साल से मामा-भांजे तलवंडी स्थित पीजी में एक साथ रहकर मेडिकल प्रवेश परीक्षा की कोचिंग कर रहे थे। मामा 20 वर्षीय भरत पुत्र रघुनाथ लोधी राजपूत मूल रूप से धौलपुर जिले के डिंडोली का निवासी है। उसका भांजा 17 वर्षीय रोहित भी उसके साथ रह रहा था। रोहित सुबह 10.30 बजे सैलून के लिए घर से निकला था। वह जब 11 बजे वापस आया तो उसने भरत को सुसाइड की अवस्था में देखा। पीछे वाले दरवाजे से उसने कमरे में प्रवेश किया। इसके बाद उसने पीजी मालिक और अन्य लोगों को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तहकीकात शुरू कर दी है। घटनास्थल पर पूरी जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव को मोर्चरी में शिफ्ट करवाया है।

सब इंस्पेक्टर गोपाल लाल बैरवा ने कहा कि भरत नीट यूजी का यह तीसरा अटेम्प्ट दे रहा था इससे पहले दो बार परीक्षा दे चुका है। जिसमें वह सफल नहीं हो पाया था। इस बार परीक्षा पांच मई को आयोजित हो रही है। ऐसे में उसे लगा होगा कि इस बार भी सफल नहीं हो पाऊंगा तो उसने यह कदम उठाया। कोचिंग छात्र के रूम में सुसाइड नोट भी मिला है, जिस पर लिखा हुआ था- मुझसे नहीं हो पाएगा। भरत को परीक्षा देने के लिए तीन मई को कोटा से निकलना था। इस पूरे मामले में पीजी संचालक की बड़ी लापरवाही भी सामने आई है। जिला प्रशासन के निर्देश के बावजूद पीजी रूम में एंटी हैंगिंग डिवाइस नहीं लगी हुई थी।

पूरे मामले में सब इंस्पेक्टर गोपाल लाल बैरवा का कहना है कि पीजी संचालक को भी इस संबंध में पाबंद किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि इस संबंध में जिला प्रशासन को पूरी रिपोर्ट बनाकर भेजी जाएगी जिसके बाद उसके खिलाफ कार्रवाई भी होगी। इससे पहले कोचिंग छात्र सुमित ने भी दो दिन पहले सुसाइड किया था उसके हॉस्टल के रूम में भी एंटी हैंगिंग डिवाइस नहीं थी।

## चलती ट्रेन का इंजन फैल हुआ

**श्रीगंगानगर।** यहां सवारियों से भरी एक चलती ट्रेन के इंजन के पावर फेल होने की घटना सामने आई है। हालांकि गनीमत ये रही कि इंजन ड्राइवर की सूझ-बूझ से कोई अप्रिय घटना नहीं हुई और वक्त पर ट्रेन रोक दिए जाने से सभी सवारियां सुरक्षित रहीं। घटना मंगलवार सुबह करीब 5 बजे की है।

घटना श्रीगंगानगर से सूरतगढ़ जाने वाली ट्रेन में हुई है। सामने आया है कि ट्रेन नंबर 04779 के इंजन से अचानक प्रेशर निकलने लगा, जिसके चलते बीच पटरी पर ही इंजन सीज़ हो गया। ट्रेन इंजन के पावर फेल होने की घटना मसानीवाला स्टेशन से करीब एक किलोमीटर दूर जैतसर के मसानी और बुग्गीया हाल्ट के बीच की बताई गई है। सुबह-सुबह हुई इस घटना के बाद ट्रेन काफी देर तक पटरियों पर ही खड़ी रही। इस कारण से इस ट्रेक पर चलने वाले अन्य ट्रेनों की आवाजाही का शेड्यूल बिगड़ गया। इधर, इस पूरे घटनाक्रम के बीच ट्रेन में सवार सभी यात्री सुरक्षित रहे। लेकिन ट्रेन के संचालन में विलंब होने के कारण लोगों को परेशानियां हुईं। सूरतगढ़ जंक्शन से दूसरा इंजन मंगवाकर ट्रेन को रवाना किया गया।

# युवक ने विवाहिता से दुष्कर्म किया

- पीड़िता ने एसपी देवेंद्र कुमार विश्नोई से न्याय की गुहार लगाई
- ब्लैकमेल कर 1.80 लाख रुपए हड़पने का आरोप लगाया

**अजमेर, (कासं)।** क्रिश्चियन गंज थाना क्षेत्र में रहने वाली विवाहिता ने उत्तर प्रदेश निवासी युवक पर दुष्कर्म करने और ब्लैकमेल कर 1 लाख 80 हजार रुपए हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसपी देवेंद्र कुमार विश्नोई से न्याय की गुहार लगाते हुए शिकायत पत्र सौंपकर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्रिश्चियनगंज थाने में पीड़ित विवाहिता ने दी शिकायत में बताया कि पांच महीने पूर्व ही उसकी शादी हुई है। शादी से पहले वह उत्तर प्रदेश के रहने वाले युवक से संपर्क में थी, लेकिन उसके परिवार ने उसकी शादी और कहीं करवा दी थी। 19 अप्रेल को यूपी के रहने वाले युवक ने उसे मोबाइल पर धमकी दी कि वह उनकी प्रेम प्रसंग की कहानी उसके पति को बता देगा और उसके वीडियो वायरल कर देगा, जिससे पीडिता घबरा गई। आरोपी द्वारा पीड़िता से पैसों की डिमांड की गई। आरोपी अजमेर पहुंचा और पीड़िता को पैसे लेकर बुलाया था। पीड़िता आरोपी की धमकी से परेशान होकर पैसे लेकर वहां पहुंची तो आरोपी के द्वारा उसके साथ जबरदस्ती रेप किया गया। बाद में वह 1 लाख 80 हजार रुपए लेकर फरार हो गया।

पीड़िता ने बताया कि जब उसके पति ने उससे पैसे मांगे तो उसने रोते हुए अपने आपबीती पति को बताई।कुछ दिन बाद भी आरोपी के द्वारा उसे मैसेज भेजकर और पैसों की डिमांड की गई। इसके बाद वह थाने पहुंची और शिकायत दी तो उसकी शिकायत दर्ज नहीं हुई। पीड़िता ने परेशान होकर अजमेर एसपी को शिकायत दी थी। क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने एसपी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हत्या के मामले में आजीवन करावास

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर जिले के पीसांगन थाना क्षेत्र के तीतरडी गांव में रहने वाली विवाहित महिला को उसके प्रेमी द्वारा शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया और अपने साथी के साथ मिलकर रावतभाटा में साल 2014 में तेजाब डालकर महिला की हत्या करने एवं सबूत मिटाने के मामले में मंगलवार अजमेर के अतिरिक्त सेशन न्यायालय के जज ने फैसला सुनाते हुए दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। हत्याकांड के आरोपी अर्जुन उर्फ कालू तीतरडी पीसांगन निवासी एवं जगदीश रावतभाटा निवासी दोनों आरोपी जमानत पर थे, जिन्हें सजा के बाद आरोपियों को पुलिस ने अपनी हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 24 गवाह और 35 दस्तावेज पेश किए। सरकारी वकील अशरफ बुलंद खान ने बताया कि सितंबर 2014 में नगेलाओ गांव में रहने वाले कालू गुर्जर ने अपनी पत्नी काली देवी की गुमशुदगी की शिकायत पीसांगन थाने में दी थी।

# कांग्रेस की नीतियों में केवल भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण का बीज : भजनलाल शर्मा

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने धनबाद में बीजेपी प्रत्याशी ढुलू महतो के समर्थन में प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन को संबोधित किया

**धनबाद।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण एवं आतंकवाद को प्रश्रेय देते हुए देश को हितों पर कुठाराघात किया है। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास के प्रण के साथ गरीब, युवा, महिला, किसान एवं मजदूर का सर्वांगीण विकास किया है।

लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत से जीत हासिल करेगी और प्रधानमंत्रीमोदी के नेतृत्व में फिर से केन्द्र में लोककल्याणकारी सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को धनबाद में बीजेपी प्रत्याशी ढुलू महतो के समर्थन में आयोजित प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उनकी नीतियों, कार्यक्रमों एवं दूरदर्शिता की वजह से भारत विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। 2027 तक विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के साथ ही भारत विश्व की सबसे बड़ी महाशक्ति बनने के पथ पर अग्रसर होगा।

मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद का स्मरण करते हुए कहा कि श्री विवेकानंद ने 21वीं सदी भारत की होने की बात कही थी, जो मोदी धरातल पर चरितार्थ कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल दुष्प्रचार करते हुए मोदी को रोकना चाहते है, क्यों कि प्रधानमंत्री उनकी भ्रष्टाचार और जातिवाद की राजनीति पर प्रहार कर रहे हैं। मोदी ने सख्त कार्रवाई करते हुए विपक्षी पार्टियों की भ्रष्टाचारी जड़ें उखाड़ दी है, इसीलिए ये सभी विपक्षी पार्टियां बौखलाई हुए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार सुशासन के मॉडल को साकार कर रही है। हमारे 4 महिने के कार्यकाल में 6 प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित हुई, लेकिन एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। वहीं कांग्रेस सरकार के समय में वर्ष 2019 में 17 पेपर लीक हुए थे। हम उनके भ्रष्टाचार की सघन जांच कर रहे है और इन प्रकरणों में 100 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं।

उन्होंने कहा कि श्री राम रोम-रोम में बसते हैं, लेकिन कांग्रेस ने हमेशा भगवान श्रीराम के अस्तित्व को नकारा और काल्पनिक बताया। उन्होंने अयोध्या में राम मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा के निमंत्रण को भी ठुकरा दिया। जो भारत की आस्था और संस्कृति पर चोट करते हैं वो कभी भी सफल नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में वर्ष 2014 तथा 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को सभी 25 की 25 सीटों पर जीत हासिल हुई थी।

इतिहास फिर दोहराया जाएगा और हम वर्ष 2024 में भी सभी 25 सीटों पर कमल का फूल खिलाएंगे। झारखण्ड में भी सभी 14 सीटों पर एनडीए की विजय होगी।उन्होंने राजस्थानी प्रवासियों से आ ान किया कि वे राजस्थान में निवेश करें। राजस्थान सरकार प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए कई सुविधाएं प्रदान कर रही है, ताकि उद्यिमयों को किसी भी तरह की समस्या ना हो। उन्होंने धनबाद प्रत्याशीमहतो के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील भी की।

# महिला ने फर्जी दस्तावेज से बी.एड. में एडमिशन लिया

- पति का आरोप है कि महिला ने स्वयं को अविवाहित बताते हुए धोखाधड़ी कर फर्जी दस्तावेज बनाए
- आरोपी की ओर से दर्ज कराए दहेज प्रताड़ना व घरेलू हिंसा का मामला कोर्ट में लम्बित है

**अजमेर, (कासं)।** सिविल लाइन थाने में अजमेर के एक बी.एड. कॉलेज में फर्जी दस्तावेज से एडमिशन लेने का मामला सामने आया है। पति का आरोप है कि महिला ने स्वयं को अविवाहित बताते हुए धोखाधड़ी कर फर्जी दस्तावेज बनाए। जबकि आरोपी की ओर से दर्ज कराए गए दहेज प्रताड़ना व घरेलू हिंसा के मामला कोर्ट में लम्बित चल रहा है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कुंदन नगर नदी मार्ग, शिव कॉलोनी निवासी सुदर्शन सिंह रावत ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें बताया कि 7 मई 2019 को उसका विवाह काछबली तहसील भीम जिला राजसमंद निवासी विमला चौहान के साथ हुआ था। विमला ने उस के खिलाफ दहेज प्रताड़ना तथा घरेलू हिंसा के प्रकरण दर्ज कराए जो मामले कोर्ट में लम्बित है। 5 वर्ष से विवाहित होने के बाद भी धोखाधड़ी कर अपने आपको अविवाहित बताते हुए फर्जी दस्तावेज तैयार किए। वर्ष 2021 में जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर द्वारा बीएड करने के लिए पीटीईटी परीक्षा में आवेदन किया। अपने आपको अविवाहित होने का आवेदन पत्र के साथ घोषणा पत्र भी दिया।

परीक्षा में पास हुई तथा बतौर अविवाहित मां सरस्वती महिला शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय भोपो का बाड़ा अजमेर में बीएड कर रही है। बीएड का प्रथम वर्ष भी उसने अपने आपको अविवाहित बता कर ही पास किया है। वह महाविद्यालय से बीएड द्वितीय वर्ष कर रही है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एसआई रामनिवास को सौंपी है।

# ओवरफ्लो होकर नहर टूटी, 100 बीघा भूमि जलमग्न हुई

## आसपास के खेत जलमग्न हो गए और खेतों में कटी सरसों व गेहूं की फसल खराब हो गई

**बीकानेर, (निसं)।** इंदिरा गांधी मुख्य नहर के अधीन विभिन्न नहरों का इन दिनों मरम्मत कार्य चल रहा है। एलकेडी नहर का भी मरम्मत कार्य चल रहा था।

एलकेडी नहर ओवरफ्लो होने से छतरगढ़ की आरडी 50 व 51 के बीच टूट गई। इस दौरान करीब 30 फीट का कटाव हो गया। इससे आसपास के खेत जलमग्न हो गए और खेतों में कटी सरसों व गेहूं की फसल खराब हो गई। किसान मोहनलाल बिश्नोई व अन्य किसानों को फसल खराब होने से नुकसान हो गया। नहर टूटने की सूचना देने पर अधिशासी अभियंता सांवरमल मीना ने सहायक अभियंता कमल यादव, कनिष्ठ अभियंता मुरलीधर सहित अन्य कार्मिकों को मौके पर भेजा। इस टीम ने मौके पर पहुंच कर नहर में पानी बंद करवाया और नहर को पुनः पाटने का काम शुरू किया। करीब पांच छह घंटे की मशक्कत के बाद दोपहर 12 बजे नहर को दुरुस्त कर लिया गया। इस दौरान आसपास के किसानों ने भी सहयोग दिया।

जानकारी के अनुसार सफाई नहीं होने व पानी ज्यादा मात्रा में छोड़ने से नहर टूट गई। इससे करीब 100 बीघा भूमि जलमग्न हो गई। किसानों ने सूचना देकर नहर में पानी बंद करवाया। तब तक आसपास के खेतों में एक फीट पानी भर गया। इससे सरसों व गेहूं की फसल चौपट हो गई। खेत में पड़ी तूड़ी सहित अन्य सामान भी खराब हो गए। किसानों ने छतरगढ़ एसडीएम यक्ष चौधरी व तहसीलदार राजकुमार भादू से फसल खराबे के मुआवजे की मांग की। वहीं सहायक अभियंता कमल यादव ने बताया कि फसल खराबे की रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को अवगत करवा दिया जाएगा।

किसानों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से नहर की साफ नहीं की गई। किसानों ने ठेकेदार पर भी नहर निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग करने का आरोप लगाया। इससे नहर पानी के तेज बहाव को झेल नहीं पाई और ओवरफ्लो होकर टूट गई। किसानों ने नहर की सफाई करवाने की मांग की है। इस दौरान रामकुमार बिश्नोई, मोहनलाल बिश्नोई, रत्तीराम, सोनू कुम्हार, बिहारीलाल बिश्नोई, हेतराम गोदारा, किशनाराम मेघवाल, कालूराम कुम्हार, ओमप्रकाश कालेरा आदि मौजूद रहे।

# स्कॉर्पियो सवार लोगों ने दो जनों का अपहरण किया, 20 मिनट में पुलिस ने पकड़ा

## दो व्यक्तियों से पांच लाख रूपये की फिरौती मांग रहे थे अपहरणकर्ता

- दोनों को बांधकर हथियारों से मारपीट की


पुलिस ने अपहरणकर्ताओं को मात्र 20 मीनिट में ही गिरफ्तार कर लिया।।

**तारानगर, (निसं)।** तारानगर में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अपहरणकर्ताओं को सूचना मिलने के मात्र 20 मिनट में गिरफ्तार कर लिया। अपहरणकर्ताओं ने दो व्यक्तियों का तारानगर में अपहरण कर पांच लाख की फिरौती मांगी और जान से मारने की धमकी दी थी।

मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित जगदीश कुमार पुत्र ताराचन्द जाट निवासी वार्ड नं. सात अनूपगढ़ ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि मैं व बलदेव चारण निवासी खुडेरा चारणान तहसील रतनगढ़ का फतेहगढ़ जैसलमेर में सोलर का काम करते हैं। उसका पार्टनर तारानगर का होने के कारण जगदीश व उसका दोस्त बलदेव चारण अपना हिसाब कराने के लिये पिछले चार-पांच दिन से तारानगर आये हुये थे। मंगलवार को दोपहर के वक्त जगदीश व उसका दोस्त बलदेव दोनों गाड़ी लेकर एसडीएम कोर्ट तारानगर से होटल पर जा रहे थे। एसडीएम कोर्ट से करीब 10 कदम आगे चलते ही उनके आगे-पिछे तीन-चार गाड़ियां लगा दी तथा स्कॉर्पियो गाड़ियों से करीब 6-7 आदमी नीचे उतरे और उन्होंने जगदीश व उसके दोस्त बलदेव का अपहरण कर साहवा रोड पर ले गये जहां पर बांधकर धारधार हथियारों से मारपीट की और दोनों को वहां बांध दिया और पांच लाख रूपये की फिरौती की मांग रखी और नहीं देने पर जान से खत्म करने की धमकी दी। प्रकरण में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ कर दिया। चूरू पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देश में गठित पुलिस टीम में उप अधीक्षक मिनाक्षी व थानाधिकारी गौरव खिड़िया के नेतृत्व में पुलिसकर्मी सुमेरसिंह, राजेन्द्र, विकास, रामचन्द्र कॉन्टेबल ने तुरन्त राजगढ रोड़ पहूंचकर मौके पर से परमेश्वर पुत्र सुखनाथ निवासी राजासर पांवरान हाल तारानगर, आशीष पुत्र राजेन्द्र जाट निवासी तारानगर व मुकेश कुमार पुत्र महेन्द्र जाट निवासी शेरला पुलिस थाना बहल हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस उप अधीक्षक मिनाक्षी ने बताया कि दोपहर ढाई बजे हमें दूरभाष से सूचना मिली कि उपखण्ड कार्यालय तारानगर के आगे से दो स्कॉर्पियो गाड़ियों में दो व्यक्तियों का अपहरण हुआ है तथा अपहरणकर्ता उनको लेकर राजगढ़ भागे जिस पर तुरन्त प्रभाव से उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया जाकर ए श्रेणी की नाकाबन्दी करवाई जिसके फलस्वरूप हमने तुरन्त ही अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया।

## सड़क हादसे में तीन जनों की मौत, आठ घायल

**जोधपुर, (कासं)।** बेटे का मुंडन करवाकर रामदेवरा से लौट रहे परिवार की कार सड़क किनारे खड़े डंपर से टकरा गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं आठ घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार चकनाचूर गई। पुलिस को शव और घायलों को बाहर निकालने के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

बिलाड़ा प्रभारी मूल सिंह भाटी ने बताया कि मध्य प्रदेश का रहने वाला परिवार मुंडन और रामदेवरा दर्शन के लिए आया था। यहां से दर्शन कर लौट रहे थे। सोमवार देर रात करीब 11 बजे हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटाया। दो साल का विनय प्रताप भी हादसे में घायल हो गया। उसके पिता प्रेम सिंह मुंडन के लिए उसे रामदेवरा लाए थे। हादसे में ईको वैन चला रहे श्याम सिंह सिसोदिया (32), गीता बाई (35) और कोमल उर्फ जानकी (18) की मौत हो गई। प्रेम सिंह (33), विष्णु (40), कृष्णा बाई (65), सीमा (29), धापू बाई (35), कृष्णपाल सिंह, कविता (31) और विनय प्रताप सिंह (2) गंभीर घायल हैं। घायलों को रात करीब एक बजे बिलाड़ा अस्पताल पहुंचाया गया।

# कोटपूतली की बेटी ने एवरेस्ट बेस कैम्प पर तिरंगा फहराया

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली से नेपाल स्थित माउंट एवेरेस्ट बेस कैम्प गये चार सदस्यीय पर्वतारोही दल में 11 वर्षीय बालिका इप्शा यादव, उनके पिता अजय यादव, इंटरनेशनल स्कीइंग प्लेयर विकास राणा (गोल्ड मेडलिस्ट), श्रीराम यादव ने माउंट एवेरेस्ट बेस कैम्प पहुंचकर तिरंगा फहराया। तिरंगे के साथ-साथ पर्वतारोही दल ने पानी बचाओ, पर्यावरण बचाओ, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। पर्वतारोही दल ने ड्रीमलैंड एडवेंचर के निदेशक अशोक शुक्ल, सचिव पर्वतारोही बिजेन्द्र कुमार सैनी को बताया कि पर्वतारोही दल ने 5364 मीटर (17598 फीट) की ऊँचाई पर स्थित माउंट एवेरेस्ट बेस कैम्प चोटी पर जब तिरंगा फहराया।


**Revolving Fund Project for Cattle Feed and Mineral Mixture Plant (CFMMP)**
**Rajasthan University of Veterinary and Animal Sciences, Bikaner 334001**
Mobile:-8003300472 Mail Id: lfrmtc.rajuvas@gmail.com

RAJUVAS/RF/CFMMP/2024-25/33 Dated:- 29.04.2024

**निविदा सूचना (No. 01 of 2024-25)**

राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के Revolving Fund Project for Cattle Feed and Mineral Mixture Plant (CFMMP) हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, निविदा की शर्ते एवं अन्य विवरण विभाग की वेबसाईट www.rajuvas.org, www.sppp.rajasthan.gov.in तथा DIPR की वेब साइट पर देखी/प्राप्त की जा सकती है। निर्धारित निविदा शुल्क जमा कराना अनिवार्य है। निविदा शुल्क तथा धरोहर राशि Principal Investigator (P.I.), Cattle Feed and Mineral Mixture Plant (CFMMP) RAJUVAS, Bikaner के नाम से डी.डी. जो बीकानेर में देय हो, के रूप में स्वीकार की जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 29.04.2024 को प्रातः 10:00 बजे से सम्बन्धित वेब साइट से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदायें दिनांक 08.05.2024 को शाम 5:00 बजे तक प्राप्त की जावेगी तथा दिनांक 09.05.2024 को प्रातः 11:00 बजे खोली जायेंगी। मुख्य अन्वेषक के पास एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

| उपकरण का विवरण | यु.बी.एन. नम्बर | अनुमानित लागत रूपये | निविदा शुल्क रूपये | धरोहर राशि रूपये |
|---|---|---|---|---|
| Molasses | VAU2425GSOB00001 | 9.80 लाख | 500 | 19,600 |

Raj.Samwad/C/24/59 Principal Investigator

# रविंद्र सिंह भाटी की सुरक्षा के लिए जोधपुर में राजपूत समाज का प्रदर्शन



शिव विधायक व बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट के निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी की सुरक्षा को लेकर जोधपुर में राजपूत समाज ने प्रदर्शन किया और जेड श्रेणी की सुरक्षा देने की मांग की।

**जोधपुर**, (कासं) । शिव विधायक व बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट के निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी की सुरक्षा के मांग को लेकर जोधपुर में राजपूत समाज ने प्रदर्शन किया और जेड श्रेणी की सुरक्षा देने की मांग की। मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष ने तो भाटी को धमकी देने वालों का एनकाउंटर करने की बात कही।

राजपूत सभा के अध्यक्ष का कहना है कि पहले गोगामेडी ने भी सुरक्षा मांगी मगर नहीं मिली और फिर उसकी हत्या हो गई। समाज अपना और कोई होनहार नहीं खोना चाहता है।

मारवाड़ राजपूत सभा ने मंगलवार कलेक्ट्रेट के बाहर बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी व शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी को मिल रही धमकियों के चलते उन्हें सुरक्षा प्रदान करने को लेकर प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन के जरिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा, जिसमें भाटी को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने की मांग की गई ।

मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा ने बताया कि समाज के उभरते हुए नेता रविंद्र सिंह भाटी की जान की सुरक्षा जरूरी है। खांगटा ने बताया कि जो लोग रविंद्र सिंह भाटी को धमकियां दे रहे हैं, उन असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई सरकार को तुरंत करनी चाहिए।

भाटी को मिल रही धमकियों को राजपूत समाज गंभीरता से ले रहा है और इसी तरह राज्य सरकार को भी गंभीरता से लेकर शीघ्र उचित कदम उठाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा युवा विधायक रविन्द्र सिंह भाटी ने पिछले विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय पार्टियों को मात देकर जो जीत हासिल की उससे राजनीतिक लोगों में उनके प्रति द्वेष व ईर्ष्या का भाव पैदा हुआ।

उनको मिल रही जान से मारने की धमकियों को देखते हुए उन्हें जल्द से जल्द जेड प्लस की सुरक्षा दी जाए अन्यथा सभी मिलकर उठा आंदोलन करेंगे।

इसी कड़ी में आज मारवाड़ राजपूत सभा भवन से रैली के रूप में राजपूत समाज के लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे।

यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में भाटी को जेड प्लस सुरक्षा प्रदान करने और धमकी देने के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की गई।

## भारी संख्या में जुटे राजपूत नेता

इस दौरान पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. नारायण सिंह माणकलाव सहित कई अन्य राजपूत समाज के नेता उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि रविंद्र सिंह भाटी को जो धमकी मिल रही है उसको देखते हुए राज्य सरकार को तुरंत ही उन्हें जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए, इसमें किसी भी तरह की ढलाई नहीं बरती जाए। इस दौरान मारवाड़ राजपूत सभा के महासचिव केवी सिंह चांदरख, महाराजा गज सिंह शिक्षण संस्थान ओसियां के अध्यक्ष गोपाल सिंह भलासरिया, पूर्व भाजपा अध्यक्ष व विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष मोहन सिंह भाटी, श्याम सिंह सजाड़ा, मारवाड़ राजपूत सभा के सदस्य हितेंद्र सिंह बुचेटी, श्रवण सिंह बारू, मारवाड़ राजपूत सभा के उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह रुणकिया, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह उदावत, बिशन सिंह सोढा, यशपाल सिंह खींची, कुशाल सिंह सरेचा, रवि पाल सिंह, शंभू सिंह मेड़तिया आदि उपस्थित रहे।

# मिर्गी शिविर युवाओं के लिए प्रेरणादायक : आदर्श शर्मा



जोधपुर में नि:शुल्क मिर्गी शिविर का उद्घाटन युवा समाजसेवी आदर्श शर्मा व अश्वनी व्यास ने किया।

**जोधपुर**, (का.सं.) हर माह आयोजित होने वाले नि:शुल्क मिर्गी शिविर श्रीधर शिक्षण सेवा संस्थान द्वारा 309 वें शिविर का उद्घाटन लायंस क्लब में किया गया ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्थान की सचिव डॉ. पद्मजा शर्मा ने बताया कि शिविर का उद्घाटन युवा समाजसेवी आदर्श शर्मा और अश्वनी व्यास ने किया।

अपने उद्घाटन संबोधन में आदर्श शर्मा ने कहा कि ये 26 वर्षों से लागतार चलने वाले शिविर युवाओं के लिए एक मानव सेवा का आदर्श उदाहरण हैं। समाज में पीड़ित और असहाय मरीजों का इलाज कर उनको बीमारी से राहत दिलाने का कार्य अति पुण्य का काम है। आज शिविर में मुझे लगा कि हर युवा को ये प्रण लेना चाहिए कि वो किसी तरह समाज सेवा में अपना योगदान दे ताकि समाज में बीमार व्यक्तियों को मानसिक संबल मिल सके।

समाज सेवी अश्वनी व्यास ने कहा कि इन कैंपों में दी जाने वाली सेवाओं से मरीजों को डा नगेंद्र शर्मा का एक चिकित्सक जैसा संबध नही बल्कि एक परिवार के सदस्य की तरह संबंध है जो उनके अपनेपन को दर्शाता है ,जो प्रशंसनीय है ।

डॉ. नगेंद्र शर्मा ने 322 मरीजों का जांच और इलाज किया और समाज सेवी आर के ओझा और लायंस क्लब का आभार जताया।

शिविर संयोजक किशन प्रजापत, सहसंयोजक महावीर शर्मा, कमलेश व्यास ,वंदना राठौड़, दौलत सोनी, पुखराज ,शंकरलाल गोयल, नेमीचंद शर्मा, धर्मवीर सिंह और छायाकार दिनेश पुरी ने अपनी सेवाएं दी।

# मारपीट मामले में कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेसजनों में रोष

**जोधपुर**, (कासं) । लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण में जोधपुर में हुए मतदान के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी के पुत्र व समर्थकों के साथ बीजेएस कॉलोनी में हुई मारपीट के मामले में अब तक कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेसजनो ने रोष जताया है।

कांग्रेस प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा, नगर निगम उत्तर की महापौर कुंती परिहार सहित कांग्रेस के नेताओं ने मंगलवार को डीसीपी (पूर्व) आलोक श्रीवास्तव से मुलाकात कर इस मामले के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की।

दरअसल गत 26 अप्रैल को मतदान वाले दिन न्यू बीजेएस कॉलोनी में बालिका स्कूल के बाहर फर्जी मतदान के संदेह में कांग्रेस व भाजपा कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए थे। कांग्रेस प्रत्याशी करणसिंह उचियारड़ा के बेटे हर्षवर्धन व भतीजे अभिमन्यु सिंह के साथ ही कुछ समर्थकों से मारपीट और पथराव किया गया था।

तब आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी करणसिंह उचियारड़ा, नेता और कार्यकर्ता मौके पर ही अनशन पर बैठ गए थे। तीन दिन में गिरफ्तारी के आश्वासन पर यह अनशन समाप्त किया गया था लेकिन तीन दिन अल्टीमेटम पूरा होने के बाद भी मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। इस पर कांग्रेस प्रत्याशी करणसिंह, महापौर कुंती परिहार, पूर्व राज्य मंत्री राजेन्द्रसिंह सोलंकी, पूर्व विधायक मनीषा पंवार सहित कांग्रेस के अन्य नेता व जनप्रतिनिधियों ने आज डीसीपी पूर्व से मुलाकात कर आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने पुलिस पर लापरवाही का भी आरोप लगाया।



जोधपुर में सेनाचार्य अचलानंद गिरी महाराज का जन्मदिन मनाया।

# सात साल बाद डोडा पोस्त तस्करी का आरोपी पकड़ा

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। बाड़मेर जिले की गुड़ामालानी थाना पुलिस की टीम ने 2936 किलो डोडा पोस्त की तस्करी के मामले में 7 साल से फरार चल रहे आरोपी ओमाराम बिश्नोई पुत्र पोकर राम निवासी फिटकासनी थाना कुड़ी भगतासनी जिला जोधपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी पर 2000 का इनाम घोषित किया हुआ है।

एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि 12 सितंबर 2017 को गुड़ामालानी पुलिस की टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक से 2936 किलो डोडा पोस्त जप्त किया था।

मामले में पूर्व में तीन आरोपी दिलीप जाट व गोविंद मीणा निवासी भीलवाड़ा व भैरू लाल भाट निवासी थाना राशमी जिला चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार किया गया था। वाहन मालिक ओमाराम विश्नोई घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी पर उनके कार्यालय से 2 हजार रुपये इनाम की घोषणा की गई।

वांछित अपराधियों की दस्तयाबी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसा राम बोस व सीओ सुखराम विश्नोई के सुपरविजन एवं एसएचओ मुक्ता पारीक के नेतृत्व में मंगलवार को नाकाबंदी के दौरान हैड कांस्टेबल पूनम चंद मय टीम द्वारा ओमाराम विश्नोई को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया है।

# वाहनों के लिए नियम बताएं

**बालोतरा**, । परिवहन विभाग द्वारा 21 सितंबर 2023 को आदेश जारी कर 01 अप्रैल 2019 के पूर्व निर्मित वाहनों में मोटरयान विनिर्माताओं एवं अधिकृत डीलरों द्वारा लगायें जाने की प्रक्रिया का निर्धारण किया गया है।

वाहन स्वामियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन की सुविधा परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की वेबसाइट ://... पर उपलब्ध हैं, जिस पर उपलब्ध लिंक .. के माध्यम से भारतीय ऑटोमोबाइल मेनुफैक्चरर्स सोसायटी की वेबसाइट पर जाने से संबंधित जिले, वाहन की श्रेणी एवं डीलर का चयन कर उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट ( ) लगवाने हेतु किया जा सकेगा। इस संबंध में अधिक जानकारी विभाग की वेबसाईट ://... पर उपलब्ध है।

# पंचायत समिति पाटोदी में समीक्षा बैठक आयोजित

- 15 मई तक कुल राजस्व ग्रामों में से 30 प्रतिशत ग्राम मॉडल विलेज घोषित करने का लक्ष्य निर्धारित किये
- नरेगा योजना में अधिकाधिक 100 दिवस पूर्ण करवाने पर चर्चा की

**बालोतरा**, (निसं)। पंचायत समिति पाटोदी सभागार में अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वरसिंह चौहान की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक रखी गई।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की विस्तृत चर्चा कर कार्मिकों को निर्देश प्रदान किये। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजनान्तर्गत सभी ग्राम पंचायतों में नियमित साफ-सफाई करने के निर्देश प्रदान किये। तथा 15 मई तक कुल राजस्व ग्रामों में से 30 प्रतिशत ग्राम मॉडल विलेज घोषित करने का लक्ष्य निर्धारित किया। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवासों का नियमित निरीक्षण करके शत प्रतिशत आवास पूर्ण करवाने के निर्देश प्रदान किये। पेंशन योजना में सत्यापन से शेष रहे लाभार्थियों का शत प्रतिशत सत्यापन करवाने के निर्देश प्रदान किये।

साथ ही नरेगा योजना में अधिकाधिक 100 दिवस पूर्ण करवाने हेतू प्रत्येक ग्राम पंचायतों में 350 श्रमिक नियोजन किये जाने के निर्देश प्रदान किये। तथा नरेगा योजना में व्यक्तिगत लाभ के तहत मुर्गीपालन कार्य प्रारंभ करने हेतु पंचायत समिति में कार्यरत सहायक अभियंता को मॉनेटिरिंग करने हेतु निर्देशित किया। समीक्षा बैठक में संजय कुमार यादव विकास अधिकारी उकाराम पटेल व ओमप्रकाश सोलंकी अति. विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी व कनिष्ठ सहायक एवं पंचायत समिति के समस्त कार्यालय स्टाप उपस्थित रहे।

# जिला मुख्यालय पर शिक्षक भवन बनाने की मांग

**जालोर**, (नि.सं.)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने बजट घोषणा वर्ष 2024-25 में जिला मुख्यालय पर शिक्षा विभाग की उपलब्ध भूमि पर शिक्षक भवन बनाने की मांग की है।

शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिलाध्यक्ष शैतानसिंह राजपुरोहित ने बतरया कि जालोर विधायक व राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग को ज्ञापन प्रेषित कर बजट घोषणा वर्ष 2024-25 में जिला मुख्यालय पर शिक्षा विभाग की उपलब्ध भूमि पर शिक्षक भवन बनाये जाने की मांग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जालोर स्थानीय शिक्षा विभाग के कार्यालय परिसर में 13006 वर्ग ए फ़ीट भूमि शिक्षा विभाग में दर्ज व उपलब्ध है।

# रेस्टोरेंट में घुसकर हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर शहर के कबूतरों का चौक स्थित मत्तड़ भवन में संचालित रेस्टोरेंट में 20-21 अप्रेल की रात को खाने के पार्सल की बात को लेकर हमला करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके अन्य साथियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

सदर बाजार थानाधिकारी दयालाल ने बताया कि विजय मत्तड पुत्र जगमोहन मत्तड निवासी पुरा मोहल्ला, मत्तड भवन, कबूतरों का चौक ने रिपोर्ट दी थी कि वह द पोसिबल मिल रेस्टोरेन्ट अपने निवास स्थान पर संचालित करता है। रात्रि के समय भी ऑन लाइन ऑडर लिये जाते है। इसी बाबत 20 अप्रेल की मध्य रात्रि करीब 2.15 बजे रेस्टोरेन्ट में फोन आया। जिस पर एक लडके ने खाने का ऑडर दिया। इस पर मेरे रेस्टोरेन्ट कर्मचारी ने डिलेवरी बॉय कम होने के कारण ऑडर लेने से मना कर दिया। कर्मचारी मोहित रामदेव के साथ फोन पर सलीम बेलिम ने जिस का नाम ट्र कॉलर पर आया था। जिसके द्वारा गाली गलौच की गई तत्पश्चात करीब 2.50 एएम मध्यरात्रि के समय समीर बेलिम व उसके साथ अन्य आए साथी जो मोटरसाइकलों पर सवार थे। इन लोगों ने रेस्टोरेन्ट में सभी ने रेस्टोरेन्ट में प्रवेश कर गए। कर्मचारी मोहित रामदेव के साथ सभी ने धक्का मुक्की कर मारपीट की एवं दरवाजे पर पत्थर भी फेंके गए एवं कर्मचारी मोहित रामदेव द्वारा उन्हें समझा कर रेस्टोरेन्ट से बाहर ले जाया गया। तभी बाहर बैठे अन्य कर्मचारी भरत के साथ भी मारपीट की और सभी ने गाली गलौच करते हुए कहा कि हमारा ऑडर लेने से मना करने का अंजाम बुरा होगा। आज तो यह ट्रेलर है। आरोपी नशे में थे।थानाधिकारी दयालाल ने बताया कि आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज देखे गए और अब दो आरोपियों रेलवे स्टेशन के पास पीपाड़शहर दो नंबर स्कूल के पास रहने वाले विजेश उर्फ विजय पुत्र रामदीन आचार्य और दरगाह गली, देवी रोड ,चांदणा भाखर निवासी समीर बैलिम पुत्र बरकत बैलिम को गिरफ्तार किया गया है।

# अवैध टैक्सटाइल इकाईयों के विरुद्ध कार्रवाई

**बालोतरा**, (नि.सं.)। राजस्थान उच्च न्यायालय और एनजीटी के निर्देशानुसार मंगलवार को जेरला रोड पर स्थित अवैध टैक्सटाइल इकाईयो के विरुद्ध कार्यवाही की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद आयुक्त मघराज डूडी ने बताया कि जेरला रोड पर स्थित अवैध टेक्सटाइल इकाईयो के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय एवं एनजीटी के निर्देशानुसार मंगलवार को कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि नगर परिषद, राजस्व, प्रदूषण नियंत्रण मंडल एवं विद्युत विभाग के द्वारा टीम बनाकर संयुक्त कार्यवाही की गई। इस दौरान अवैध टेक्सटाइल इकाईयो के विरुद्ध संयुक्त कार्यवाही करते हुए 09 इकाइयों से विद्युत कनेक्शन को काटा गया। साथ की 11 इकाइयों को आगामी 03 दिवस में खाली करने का नोटिस दिया गया।

नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि पूर्व में भी अभियान चलाकर अवैध टेक्सटाइल इकाईयो के विरुद्ध कार्यवाही की गई थी, जिसके तहत 15 अवैध इकाइयों को सीज किया गया तथा शेष अवैध इकाइयों को हटाने की कार्यवाही जारी है। उन्होंने सभी अवैध टेक्सटाइल के संचालकों को निर्देशित करते हुए कहा कि अवैध रूप से संचालित टेक्सटाइल इकाइयों को तुरंत बंद करें अन्यथा उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

इस दौरान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अभियंता सम्यक कुमार, नगर परिषद के सहायक अभियंता अखाराम पंवार, सफाई निरीक्षण मेनका विश्नोई एवं विद्युत विभाग के अधिकारी साथ रहे।


कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर (राज) 345001
क्रमांक/भूमि/2024-25/39 दिनांक: 19/04/2024
प्रसारित नोटिस उजरदारी
श्रीमती रायकॅवर पत्नी श्री हरीश कुमार सॉवल जाति माहेश्वरी निवासी इन्दिरा कॉलोनी जैसलमेर द्वारा एक आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या 292 साईज 20गुणा49 कुल 980 वर्गफीट वाके इन्द्रा कॉलोनी जैसलमेर जो कि श्रीमती रानी देवी सुदा पत्नी श्री प्रेमनारायण सुदा जाति माहेश्वरी निवासी बिसानी पाडा जैसलमेर से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र से क्रय किया गया है। उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्रीमती रायकॅवर पत्नी श्री हरीश कुमार सॉवल जाति माहेश्वरी निवासी इन्दिरा कॉलोनी जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है। अतः इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे।
आयुक्त, नगर परिषद, जैसलमेर


# सरकारी पानी चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार

**बालोतरा**, (निसं)। सरकारी पानी की पाईप को क्षतिग्रस्त कर अवैध कनेक्शन कर पानी चोरी करने के अपराध में ०3 अभियुक्तगण को गिरपतार किया।

कुंदन कंवरिया आईपीएस, पुलिस अधीक्षक जिला बालोतरा ने बताया कि अवैध पानी के कनेक्शन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए धर्मेन्द्र कु?मार यादव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोतरा एवं दशरथसिंह पुलिस उप अधीक्षक वृत पचपदरा के सुपरविजन में महेश गोयल उ०नि० थानाधिकारी पुलिस थाना मण्डली के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा उम्मेद सागद धवा समदडी खंडप परियोजना की ग्रैवेटी पाईप लाईन को क्षतिग्रस्त कर पानी चोरी के मुलजिमानों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई।

28 अप्रैल अनिल पुत्र सहीराम जाति विश्नोई निवासी जाजिवाल विश्नोई पुलिस थाना बनाड जिला जोधपुर हाल प्राजेक्ट मैनेजर फर्म गोदारा इंटरप्राइजेज जोधपुर ने उपस्थित थाना होकर एक टाईप सुदा रिपोर्ट इस मजमून की पेश की कि उम्मेद सागर से कोरना मंडली कल्याणपुर होते हुए समदडी तक की पाइप लाइन द्वारा बालोतरा जिले (पूर्व बाडमेर) के 18० ग्राम व समदडी कस्बे के लिए पानी पहुंचाया जाता है।

उक्त पाईप लाईन के ऐयर वॉल्व के नीचे ग्रेवेटी पाईप लाईन को क्षतिग्रस्त कर अवैध पानी का कनेक्शन लेकर पानी की चोरी की गई है। वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण जांच व तलाश पतारसी शुरू की गई।

प्रकरण हाजा में मतलूब आरोपी विजयसिंह, राजुराम, दुर्गाराम को दस्तयाब कर अन्वेषण कर पूछताछ नोट मुर्तिब किया जाकर उक्त मुलजिमानों के विरूद्ध अपराध प्रमाणित पाये जाने पर गिरफ्तार किया जाकर इनके कब्जे से प्रकरण हाजा में ग्रेविटी पाईप लाईन को क्षतिग्रस्त करने व अवैध कनेक्शन कर पानी चोरी में प्रयुक्त औजार जरिये फर्द संपति अधिग्रहण के जब्त किया। मुलजिमान से अन्वेषण जारी है।

पुलिस ने विजयसिंह (36) पुत्र माधोसिंह राजपूत पैशा मजदूरी निवासी नागाणा पीएस मण्डली जिला बालोतरा, राजुराम (32) पुत्र पैमाराम देवासी निवासी मण्डली पीएस मण्डली, दुर्गाराम (40) पुत्र लच्छाराम लौहार निवासी मण्डली को गिरफ्तार किया।

# हरीश चौधरी ने नई-नई हुड़दंग वाली नेतागीरी सीखी है : रविंद्र भाटी

- हरीश चौधरी सभी को निपटाकर अकेले रहना चाहते हैं; नए लोगों को देख बौखला गए : भाटी

**बालोतरा**, (निसं)। लोकसभा चुनाव में हॉट सीट बनी बाड़मेर में सियासी बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी ने कांग्रेस नेता और बायतु विधायक हरीश चौधरी पर तंज कसते हुए कहा- वे सभी को निपटाकर अकेले रहना चाहते हैं। वे नए-नए लोगों को देखकर बौखला गए हैं।

उन्होंने हुडदंग वाली नेतागीरी नई-नई सीखी है। यह उनकी हार की बौखलाहट है जो कहीं न कहीं बता रही है कि चार जून को एक बदलाव हो रहा है। इधर, 27 अप्रैल को बालोतरा एसपी ऑफिस का घेराव करने पर पचपदरा सीआई अमराराम की ओर से सोमवार को भाटी समेत 32 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन करने, राजकार्य में बाधा और हाईवे जाम करने का आरोप लगाया है।

नई-नई हुडदंग वाली राजनीति सीखी है

मंगलवार को मीडिया से बातचीत में भाटी ने हरीश चौधरी के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि हरीश चौधरी काफी समय से डिप्रेशन से निकल रहे हैं। उनको लगा कि मैं सबको निपटाकर अकेले रह जाऊंगा। अब जब वो देखते हैं कि नए लोग आगे आ रहे हैं तो वे बौखला गए हैं। बडे नेता और उनकी उम्र भी हो गई है। बौखलाहट होना लाजिमी है। भाटी ने कहा- उनको हुडदंग करने का शौक है। नई-नई हुडदंग वाली नेतागीरी सीखी है तो करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन कुछ हुआ नहीं।

भाटी ने ए और बी टीम पर पलटवार करते हुए कहा कि यह उनकी हार की बौखलाहट है। कहीं न कहीं पार्टियों को लगने लगा है कि हम हमारी हार का ठीकरा किस पर फोडें। ये एक-दूसरे पर लगे हुए हैं। मैं उनको कहना चाहूंगा कि आप आराम से उस हैंडपंप का पानी पी कर सो जाएं। चार तारीख को जनता जवाब देने के लिए तैयार है।सरकार आवाज दबाना चाहती है, हम दबेंगे नहीं शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कहा- मुझे पूरा विश्वास है कि बाडमेर, जैसलमेर और बालोतरा की देव तुल्य जनता अपने बेटे और भाई पर विश्वास जरूर जताएगी। 4 जून को ऐतिहासिक परिणाम आएगा। बालोतरा में एफआईआर दर्ज होने के सवाल पर भाटी ने कहा कि सरकार सबकी आवाज को दबाना चाह रही है। मैं उनको बताना चाहूंगा कि न ऐसे कभी दबे हैं और न ही दबेंगे। जहां कहीं पर भी हक और अधिकारों की बात आई तो मजबूती से लडाई लडेंगे।

सोशल मीडिया पर पोस्ट चल रही है कि भाटी गिरफ्तारी दे सकते हैं, इसके जवाब में भाटी ने कहा- जल्द ही देंगे और निश्चित तौर पर देंगे। पहले तमाम तरीके के आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं, इनका स्वागत है। भाटी ने कहा कि निष्पक्ष होकर आप जांच करवाएं। आरोपी जो भी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।मैं अमीन खान का अहसानमंद हूं। अमीन खान का कांग्रेस पार्टी से निष्कासन पर कहा कि अमीन खान मेरे परिवार के हैं। वे हमारे क्षेत्र के वरिष्ठतम और कद्दावर नेता हैं।

मैं उनकी इज्जत करता हूं और जीवन भर करता रहूंगा। उन्होंने कई सार्वजनिक मंच पर कहा कि यह मेरे बेटे जैसा है तो उन्होंने अपने बेटे पर आशीर्वाद जताया है। मैं उनका अहसानमंद हूं।

भाटी ने कहा कि तमाम पॉलिटिकल पार्टी के पास बडा-सा फंड, बडे स्टारक प्रचार और नेता थे। सबसे बडी चीज हमारे थार की जनता को पता है कि ये तमाम लोग 26 तारीख तक आएंगे। इसके बाद अगर हमारे बीच में कोई रहेगा और बात सुनेगा तो वो रविंद्र ही रहेगा। थार की जनता ने मुझ पर विश्वास जताया है।

भाटी ने कहा कि मैं शिव की जनता को 5 साल का कहकर आया था। शिव भी बाड़मेर संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है। मैं अपने जीवन के 5 साल इनके बीच में रहूंगा।

# समय परिवर्तित आज से

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार की ओर से गर्मी के मौसम को देखते हुए 1 मई से महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कार्यों का समय परिवर्तित किया गया है।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक जवाहर चौधरी ने बताया कि जिले में गर्मी के मौसम को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कार्यों का समय 1 मई से प्रातः 6 बजे से मध्यान्ह 1 बजे तक (विश्राम काल रहित) का निर्धारित किया गया है।

यदि कोई श्रमिक समूह समय से पूर्व निर्धारित टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है तो वह कार्य की माप मेट के पास उपलब्ध मस्टरोल में अंकित टास्क प्रपत्र में करवाने के उपरांत एवं समूह के मुखिया के हस्ताक्षर उपरांत कार्यस्थल छोड़ सकता है। यह व्यवस्था 15 जुलाई, 2024 तक के लिए प्रभावी रहेगी।


आम सूचना
श्रीमती सुशीला कॅवर पत्नि पुख सिंह रावणा राजपूत, निवासी कालका कॉलोनी जालोर का एक भूखण्ड संख्या 21 का कुल क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट जालोर बी के खसरा नम्बर 4988 में आया हुआ है, जिसे सुशीला कॅवर ने रमेश कुमार राजपुरोहित सनवाडा मार्ग आहोर से दिनांक 30.12.2022 को क्रय कर दस्तावेज का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय जालोर में क्रम संख्या 202203104109616 पर पंजीबद्ध किया गया तथा उपरोक्त भूखण्ड रमेश कुमार राजपुरोहित ने गीता देवी पत्नि प्रवीण त्रिवेदी से दिनांक 13.09.2017 को खरीद किया था जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय जालोर में क्रम संख्या 201703104103447 पर पंजीबद्ध किया गया तथा उपरोक्त भुखण्ड गीता देवी पत्नि प्रवीण त्रिवेदी ने आशा देवी पत्नि बाबूलाल माली से दिनांक 21.10.2008 को खरीद किया था जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय जालोर में क्रम संख्या 2008003739 पर पंजीबद्ध किया गया। सुशीला कॅवर के पास से सम्पति के चैन दस्जावेज संख्या 2008003739 एवं 201703 104103447 दिनांक 20.04.2024 को गुम हो गए हैं जिसे सुशीला कॅवर द्वारा ढुढने का भरसक प्रयास किया गया लेकिन कही नही मिले हैं तथा उक्त दस्तावेज की गुमशुदगी दिनांक 29.04.2024 को एलआर संख्या 2149339/2024 हैं। इस प्रकार उपरोक्त भुखण्ड पर वर्तमान में सुशीला कॅवर का सार्वभौमिक कब्जा उपयोग एवं उपयोग होने के कारण CIFCL शाखा जालोर द्वारा ऋण लिया जाना प्रस्तावित हैं। इसलिये उक्त आम सूचना के जरिये सुचित किया जाता हैं कि यदि किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को उक्त खोए गए दस्तावेज मिले हो तो अध्योहस्ताक्षरकर्ता को सम्पर्क कर लौटाने का श्रम करावें। तथा यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो तीन दिन के भीतर अध्योहस्ताकर्ता को दर्ज करावें। बाद म्याद गुजरने कोई आपत्ति स्वीकार्य नही होगी।
इति दिनांक 30.04.2024
अभिनव सुथार अधिवक्ता
मो. 9799152119

## सार-समाचार

### प्रत्येक माह की एक तारीख सुरक्षा पर्व

**जालोर**, (कासं)। विद्युत दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सभी अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंताओं एवं कनिष्ठ अभियंताओं को प्रत्येक माह की एक तारीख को सुरक्षा पर्व के रूप में मनाने के निर्देश दिये गये है। डिस्कॉम जालोर के अधीक्षण अभियंता पी.एस. राठौड ने बताया कि प्रत्येक माह की एक तारीख को परि.एवं संधा. विंग के सभी सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता मुख्यालयों पर सुरक्षा पर्व मनाया जायेगा। इस कडी में 1 मई को जालोर वृत के अधीन प्रत्येक सहायक अभियंता मुख्यालय पर सहायक अभियंता की मौजूदगी में एवं प्रत्येक कनिष्ठ अभियंता मुख्यालय पर कनिष्ठ अभियंता की मौजूदगी में आस-पास के तकनीकी कर्मचारियों, सबस्टेशनों पर कार्यरत ठेकेदार के कार्मिकों एवं एफ.आर.टी. कार्मिकों के साथ कार्यशाला आयोजित कर सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने हेतु सुरक्षा संबंधी नियमों की विस्तृत जानकारी देने के साथ-साथ इससे सम्बन्धित सभी कर्मचारियों को शपथ दिलाई जायेगी।सभी अधिशाषी अभियंतागण अपने अपने मुख्यालयों पर स्थित सहायक अभियंता मुख्यालय पर आयोजित कार्यशाला में उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।

### आठ साल बाद तस्करी का आरोपी पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। कमिश्नरेट की जिला पश्चिम की डीएसटी ने मादक पदार्थ तस्करी में लिप्त एक आरोपी को आठ साल बाद दस्तयाब कर गिरफ्तार किया है। आरोपी पर जिला पश्चिम ने दस हजार का इनाम घोषित कर रखा था। वह जेल से भी पैरोल पर फरार चल रहा था। पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश यादव ने बताया कि लूणी के एक एनडीपीएस प्रकरण में आठ साल से फरार चल रहे आरोपी सिरमंडी ओसियां निवासी कैलाश उर्फ केवलराम विश्नोई को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 14 अगस्त 2016 में एक इनोवा कार से 287.100 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया था। जिस पर कैलाश उर्फ केवलराम की लिप्तता सामने आई थी। मगर वह आठ साल से फरार चल रहा था। इस पर उसके खिलाफ दस हजार का इनाम घोषित किया गया। डीएसटी पश्चिम प्रभारी एसआई मनोज कुमार, साइबर सैल के हैड कांस्टेबल प्रेम चौधरी, बजरंग सिंह की टीम ने उसे दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया। उसे लूणी पुलिस के सुपुर्द किया गया। आरोपी जेल से पैरोल पर फरार चला आ रहा था।

### गर्ग ने श्रमिकों के लिए पैरवी की

**जालोर**, (सकासं)। राजस्थान विधानसभा मुख्य सचेतक केबिनेट मंत्री व विधायक जालोर जोगेश्वर गर्ग ने मंगलवार को मुख्यमंत्री राजस्थान भजनलाल शर्मा को जालोर जिले में श्रमिक कल्याण योजनाओं के तहत मिलने वाली भुगतान राशि वर्ष- 2021 से लम्बित रहने के संबंध में पत्र लिखा। पत्र में बताया कि जालोर जिले में राजस्थान सरकार के श्रम विभाग के संचालित विभिन्न श्रम कल्याणकारी योजनाओं के तहत हजारों श्रमिकों को मिलने वाली भुगतान राशि वर्ष-2021 से निरंतर अटकी हुई है। उक्त कल्याणकारी योजनाओं के भुगतान के पेटे करीब 3-4 करोड रूपये की राशि आदिनांक तक भुगतान के लिए लंबित है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि उक्त समस्त लाभान्वितों के आवेदन पूर्व समय से ही जिला स्तर पर स्वीकृत हो चुके है। लेकिन शासन सचिवालय, जयपुर द्वारा बजट आवंटन के उपरांत भी जालोर के श्रमिकों को भुगतान नहीं हो पा रहा है। इसलिए मेरा आपसे विनम्र निवेदन है कि कृपया श्रमिक हितों के मध्यनजर शीघ्रातिशीघ्र उक्त लम्बित राशि का भुगतान करने बाबत संबंधित को निर्देश प्रदान कर अनुगृहीत करें। उक्त जानकारी भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने दी।

### नाबालिग के लिए थाने का घेराव किया

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर के मसूरिया इलाके से एक नाबालिग कुछ दिनों पहले लापता हो गई। परिजन की तरफ से उसके अपहरण की आशंका में केस दर्ज करवाया गया, मगर अब तक नाबालिग का पता नहीं चल पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार समाज विशेष के लोगों द्वारा नाबालिग का पता लगाने के लिए सोमवार को प्रदर्शन कर थाने में पुलिस को आगाह किया गया था। आज फिर समाज के लोग एकत्र होकर देवनगर थाने पहुंचे और थाने का घेराव कर नाबालिग का पता लगाने के लिए प्रदर्शन करने लगे। समाज के लोगों का कहना है कि इस बारे में कुछ दिन पहले ही पुलिस में रिपोर्ट दी गई थी, मगर पुलिस अब तक नाबालिग को नहीं ढूंढ पाई है। उसका अपहरण किया गया है। समाज के लोगों के प्रदर्शन को देखते हुए थाने के बाहर बेरिकेड लगाने के साथ आरएसी का जाब्ता तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि बच्ची का पता लगाया जा रहा है। कॉल डिटेल से जानकारी जुटाकर उसका पता लगाने का प्रयास जारी है। इसके लिए पुलिस की टीमें लगी हुई है।

### आभूषण चोरी का मामला दर्ज

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के रामबाग, कागा कॉलोनी क्षेत्र में एक मकान में चोरी हो गई। पीड़ित महिला ने अपने पड़ौसियों से विवाद के चलते इसमें चोरी करने का संदेह जताते हुए नागौरी गेट थाने में केस दर्ज करवाया है। पुलिस अब मामले की जांच में लगी है। नागौरी गेट पुलिस ने बताया कि रामबाग, कागा कॉलोनी, सेवा सदन स्कूल के सामने गली नंबर 3 में रहने वाली सुनीता पत्नी राजेश की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया। इसमें बताया कि उसके पड़ौस में रहने वाले कुछ लोगों से विवाद चला आ रहा है। जिसके चलते वह अलग से किराए का मकान लेकर रह रही है। 21 अप्रेल को वह अपने मकान पर आई तो वहां ताले टूटे मिले। घर का सामान बिखरा होने के साथ दीवार टीवी टूटी हुई थी और अलमारी आदि से सोने का हार, अंगूठी एवं चांदी के छड़े नदारद मिले। आस पास पता किए जाने पर मालूम हुआ कि रात को यहां पर शराब पार्टी हुई थी। उसके बाद यह चोरी की घटना हुई। उसने अपने पड़ौस में रहने वाले कुछ लोगों को नामजद कराते हुए संदेह जताया कि उन लोगों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस जांच में जुटी है।

### कंप्यूटर सेट, खड़ा ट्रेक्टर चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के निकटवर्ती घंटियाला गांव में एक सरकारी स्कूल में चोरों ने सैंध लगाकर वहां से कंप्यूटर सेट चोरी कर लिया। वहीं पत्थर की खान में खड़ा एक ट्रेक्टर भी चोरी हो गया। पुलिस दोनों मामलों में जांच कर रही है। पोपावास हाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय घंटियाला के अध्यापक रामाराम चौधरी ने राजीव गांधी नगर पुलिस को बताया कि स्कूल में 28-29 अप्रेल की रात को चोरी हो गई। अज्ञात चोरों ने ताले तोडक़र वहां से कंप्यूटर सेट ले गए। वहीं सूरसागर थाने में ऊपरली गली, सुभाष चौक निवासी सुनील पुत्र लालसिंह माली ने रिपोर्ट दी कि उसकी कालीबेरी स्थित खान में ट्रेक्टर खड़ा था। जिसे अज्ञात शख्स चोरी कर ले गया। शहर के निकटवर्ती घंटियाला गांव में एक सरकारी स्कूल में चोरों ने सैंध लगाकर वहां से कंप्यूटर सेट को चोरी कर लिया। वहीं पत्थर की खान में खड़ा एक ट्रेक्टर भी चोरी हो गया। पुलिस दोनों मामलों में जांच कर रही है।

### कथा सुनने गई वृद्धा की चेन पार

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के निंबा निंबड़ी में इन दिनों कथा वाचन का कार्यक्रम चल रहा है। कथा वाचन कार्यक्रम में एक वृद्धा के गले से अज्ञात शख्स डेढ तोला सोने की चेन चोरी कर ले गया। उसके पुत्र की तरफ से मंडोर थाने में चेन चोरी का प्रकरण दर्ज करवाया गया है। माता का थान स्थित मदेरणा कॉलोनी काजरी चौक निवासी डूंगरराम प्रजापत की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसकी माताजी 68 साल की मथुरादेवी निंबा निंबड़ी में चल रहे कथा वाचन कार्यक्रम में गई थी। जहां पर भीड़ में किसी शख्स ने गले से डेढ तोला सोने की चेन उड़ा ली। बाद में अपने स्तर पर पता लगाने का प्रयास किया मगर चेन की जानकारी नहीं मिली। मंडोर पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज से चेन चोर का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### पानी के लिए महिलाएं सड़क पर उतरी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर में भीषण गर्मी के चलते पेयजल की समस्या बदस्तूर जारी है। सोमवार को जहां भाटेलाई पुरोहितान के लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर प्रदर्शन किया वहीं आज दोपहर में जोजरी नदी- सालावास रोड पर ठाामीणों की महिलाओं ने रास्ता जाम कर प्रदर्शन किया। महिलाएं हाथों में लठ्ट लेकर प्रदर्शन करने पहुंची। जोधपुर शहर और आस पास के ठाामीण इलाकों में पानी की भंयकर समस्या बनी हुई है। मगर प्रशासन की ओर से लोगों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आज दोपहर में लूणी तहसील के लगते कुछ गांवों के लोग जोजरी नदी- सालावास रोड पर पानी की समस्या को लेकर सडक़ पर उतर आए और प्रदर्शन करने लगे। महिलाओं द्वारा इस प्रदर्शन में खास तौर से हिस्सा लिया गया। मार्ग अवरूद्ध होने से काफी वाहनों का जाम भी लग गया। पुलिस मौका स्थल पर पहुंची।

# 'महिलाएं घबराए नहीं, हौसला रखें, उत्पीड़न की शिकायत करें'

## लीगल एड डिफेंस कांउसिल के चीफ अजहरूद्दीन ने महिला अधिकारों की जानकारी दी



सायला में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। महिलाओं का कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अनियम 2013 के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के लिए मंगलवार को पंचायत समिति सायला में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान लीगल एड डिफेंस कांउसिल के चीफ अजहरूद्दीन ने अधिनियम के प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि यदि कार्य स्थल के दौरान महिलाओं के साथ किसी प्रकार का उत्पीड़न होता है कि इसके लिए प्रत्येक विभाग में एक आंतरित कमेटी बनी होती है। उस कमेटी के पास शिकायत करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि इसके लिए महिलाओं को किसी भी तरीके से घबराने या डरने क जरूरत नहीं है, बल्कि बिना डरे उत्पीडन करने वाले की शिकायत करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस समिति में आधी महिलाएं सदस्य होती है, साथ ही समिति की अध्यक्ष भी महिला ही होती है। उन्होंने इस अधिनियम के तहत शिकायत करने का तरीका, समिति में किसी की शिकायत प्राप्त होती है, तो शिकायत का निवारण के प्रावधानों के बारे में भी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस समिति के समक्ष यदि किसी महिला द्वारा शिकायत की जाती है तो वह शिकायत गोपनीय रखी जाती है, शिकायत का विवरण एवं उसकी जांच प्रक्रिया भी सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कनिष्ठ लिपिक अंजू शर्मा ने कहा कि महिलाओं के साथ किसी प्रकार की हिंसा होती है तो उन्हें निडर होकर आगे आना चाहिए और इसकी शिकायत करनी चाहिए, उन्होंने कहा कि उत्पीडन करने वाला भले ही अपना अधिकारी या अपने वे वरिष्ठ कर्मचारी ही क्यों न हो उसकी भी शिकायत बिना डरे करनी चाहिए।

इस दौरान बीसीएमओ डॉ रघुनंदन विश्नोई, डॉ. भीमनाथ, डॉ. मनीष जोशी, डॉ. राजेश कुमार, कुलदीप सूर्याल, नतेन्द्रसिंह राठौड, हितेष राठौड के अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की स्टेनो निर्मला विश्नोई, भरत कुमार मेघवाल के अलावा सायला क्षेत्र की एएनएम आदि मौजूद रहे।

# राव को टेबल टेनिस में स्टेट लेवल पर प्रथम स्थान



जालोर के अधिवक्ता सुरेश राव ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। उच्च न्यायालय जोधपुर के जुबली प्लेटिनम समारोह को लेकर जोधपुर में आयोजित टेबल टेनिस प्रतियोगिता में अधिवक्ता सुरेश राव ने स्टेट लेवल पर प्रथम स्थान पाया।

बार अध्यक्ष प्रवीण कुमार चौहान व सचिव उतम कुमार गहलोत ने बताया कि उच्च न्यायालय की स्थापना के जुबली प्लेटिनम को लेकर जिला स्तर, संभाग स्तर एवं प्रदेश स्तर पर न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं व कर्मचारियों की बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंत एवं साइक्लिंग समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

गत दिनों जोधपुर में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें टेबल टेनिस में जोधपुर संभाग से जालोर के अधिवक्ता सुरेश राव ने भाग लिया। राव ने अपने प्रतिद्वंदी बीकानेर संभाग के कुंतेश खटोल को 2-0 से हराकर टेबल टेनिस में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

राव को जोधपुर मेट्रो के डीजे चंद्रशेखर शर्मा ने प्रशस्ति पत्र व मोमेंटों देकर सम्मानित किया। इधर, जालोर बार एसोसिएशन का परचम लहराकर राज्य स्तर पर प्रथम रहने पर एसोसिएशन पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने खुशी जाहिर की।

### फास्ट फूड डिलीवर बॉय को लूटा

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के चांदपोल-किला रोड पर एक फास्ट फूड डिलीवर बॉय को ऑडर देकर तीन चार युवकों ने मारपीट कर लूट लिया।

डिलीवर पैकेट के साथ जेब से 25 सौ रूपए और मोबाइल ब्लू टूथ ले गए। इस बारे में पीड़ित ने सूरसागर थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस अब लुटेरों की मोबाइल नंबर से ट्रेस करने का प्रयास कर रही है।

कुड़ी भगतासनी सेक्टर 5 में रहने वाले सुनील शेखावत की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि वह एक फास्ट फूड कंपनी के लिए होम डिलीवरी में लगा हुआ है। 28 अप्रेल की रात को वह एक ऑर्डर पर चांदपोल- किला रोड पर गया था। वहां पहले से चार पांच युवक मौजूद थे। उन्हें पार्सल दिए जाने के साथ सौ रूपए डिलीवर के मांगे। इन लोगों ने चिकनदाना का ऑर्डर दिया था, मगर बदमाशों ने मारपीट की और उसे सौ रूपए नहीं दिए जाने के साथ उसका मोबाइल, ब्लू टूथ और 25 सौ रूपए लूट लिए। उसकी बाइक को भी क्षितठास्त कर दिया।

मामले में सूरसागर थाना पुलिस ने जांच आरंभ की है। अब मोबाइल नंबर से बदमाशों की पहचान के साथ तलाश की जा रही है। पुलिस ने जल्द ही मामले में खुलासे की उम्मीद जताई है।

### नकबजन पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। राजीव गांधी नगर पुलिस ने चार महिने पहले हुई एक नकबजनी के प्रकरण का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि गत 7 जनवरी को बैरू स्थित नर्सरी स्कूल के सामने मालियों की ढाणी निवासी बद्रीराम पुत्र आइदानराम जाट के घर में 6 जनवरी की रात को चोर घुसे थे। वह सुबह उठा तो चोरी का पता लगा। पुलिस ने चार महिने की तफ्तीश के उपरांत सालोड़ी निवासी कोजाराम को गिरफ्तार किया है।

### श्रमिक संगठन का जुलूस आज

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान ट्रेड यूनियन केन्द्र (राज.सीटू) से संबंधित जोधपुर भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक एकता यूनियन की बैठक एआईसीटीयू के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड गोपीकिशन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि भवन निर्माण श्रमिक एक मई को मजदूर दिवस मनाएगंगे। इस दिन केन्द्रीय श्रम संगठन के बैनर तले रेलवे मैन्स यूनियन कार्यालय के प्रांगण से केन्द्रीय श्रम संगठनों के संयोजक मनोज परिहार एवं मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र व्यास के नेतृत्व में आयोजित होने वाले जुलूस में भवन निर्माण श्रमिक शिरकत करेंगे। जिला सचिव नदीम खान, मनोज परिहार, महेन्द्र व्यास, हबीबुर्रहमान, वहीदूदीन, रमेशनाथ देवाराम, रामजपीत आदि वक्ताओं ने श्रमिकों को एक मई मजदूर दिवस के इतिहास पर जानकारी दी।

वक्ताओं ने मई दिवस के महत्व को समझाते हुए कहा कि एक मई मजदूर दिवस श्रमिक कर्मचारी मजदूर वर्ग का अंतरराष्ट्रीय पर्व है जो हमें शोषण व उत्पीडऩ के विरूद्ध एकता व संघर्ष की राह पर अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि केरल सरकार की तर्ज पर राजस्थान सरकार में भवन निर्माण श्रमिकों के लिए योजना बनाकर नियम लागू किए जिसमें असंगठित भवन निर्माण श्रमिकों के लिये पेन्शन, मतुयु सहायता, बच्चों की पढाई के लिये छात्रवृति, दुर्घटना की स्थिति में तत्काल मुआवजा सहित अनेक सुविधाएं कानूनी तौर पर दी गई है लेकिन इस योजना का लाभ भवन निर्माण में लिप्त असंगठित श्रमिकों को पूरी तरह नहीं मिल पा रहा है। जिस तरह श्रम कानूनों में श्रमिक विरोधी संशोधन राज्य सरकार द्वारा किए गए है, वह दिन दूर नहीं जब भवन निर्माण श्रमिकों के लिए लागू कल्याणकारी योजनाओं को भी समाप्त कर दिया जाएगा। इस हेतु सतत् संघर्ष की आवश्यकता है। बैठक में प्रस्ताव पास कर एक मई के दिन आयोजित जुलूस को सफल बनाने का आहवान किया गया।

### पानी सड़क पर, लोग परेशान

**पाली**, (नि.सं.)। नगर परिषद पाली द्वारा एलएनटी द्वारा शहर में किए गए सीवरेज लाइन की होदिया का सही निर्माण नहीं होने से उनका पानी बहकर सड़क पर बह जाने से लोग परेशान है।

बापू नगर विस्तार के निंबाज हवेली वाली गली में प्रकाश चंद दवे के घर के बाहर एलएनटी की होदी 15 दिन से बह रहा है है। नगर परिषद में तीन बार शिकायत करने के बावजूद कार्यवाही नहीं हुई। परेशान प्रकाश दुबे ने बताया कि यह पानी बहकर मेरी मकान की नींव में जा रहा हैं, जिससे खतरा हो सकता है। इसलिए शीघ्र कार्रवाई करें। शहर के कई मोहल्ले में सीवरेज की होदी लीकेज हो रहे हैं।

# भाडखा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण



बाड़मेर अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेन्द्र सिंह चांदावत ने भाडखा सी.एच.सी. का निरीक्षण किया।

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेन्द्र सिंह चांदावत ने मंगलवार को जिले के भाडखा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का औचक निरीक्षण किया।

अतिरिक्त जिला कलैक्टर ने सीएचसी में उपलब्ध चिकित्सा उपकरणों, निशुल्क दवाइयों एवं जांचों के बारे में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सीएचसी में स्थित कार्यालय कक्षों का दौरा कर उपस्थिति रजिस्टर देखा तथा नियुक्त सभी कर्मियों को नियमित रूप से आने हेतु दिशा निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने इस दौरान वहां आए मरीजों से बातचीत कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं के बारे में जाना। उन्होंने सीएचसी के स्वास्थ्य एवं अन्य कार्मिकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था रखने, भर्ती मरीजों हेतु नई बेडशीट की व्यवस्था करने तथा सीएचसी में आने वाले मरीजों एवं परिजनों के बैठने के लिए उचित व्यवस्था हेतु निर्देशित किया।

## सार-समाचार

### बालोतरा में 49 हाजियों का टीकाकरण

**बालोतरा**, (निसं)। हज की पवित्र यात्रा पर जाने वाले यात्रियों निशुल्क टीकाकरण व मेडिकल स्ीनिंग शहर के मौलाना अबुल कलाम आजाद स्कूल कैंपस में प्रोग्राम आयोजित किया गया। यह जानकारी हाजी सैयद रमजान अली ने दी उन्होंने बताया कि मंगलवार को सुबह 9 बजे से जिले से हज की पवित्र यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों का प्रशिक्षण और निशुल्क टीकाकरण डॉक्टर राकेश ओस्तवाल द्वारा किया गया ईस वर्ष की हज यात्रा के लिए 49 हज यात्रियों को चयनित किया गया हाजी सलीम चढवा ने बताया कि हज यात्रियों का प्रशिक्षण और निशुल्क टीकाकरण किया गया सीएमओ के निर्देश पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की गई हज ट्रेनर हाजी अब्दुल जब्बार ने समस्त हाजियों का प्रशिक्षण व टीकाकरण में शामिल होने पर धन्यवाद ज्ञापित किया हाजी सलीम चौहान ने कहा कि हज के अहकाम बताए व हज के बारे में दिशा निर्देश दिए व हाजी इकराम ने हाजियों को अहराम पहनने का तरीका बताया हाजी अब्दुल कय्यूम ने हाजियों से कहा कि हज की पवित्र यात्रा के दौरान देश में अमन चैन की दुआएं मांगे व देश की खुशहाली की कामना करें। हाजी जाकिर हुसैन मुस्लिम समाज के सदर सफी मोहम्मद मोयल मेहबूब खान सिन्धी यासिन पेंटर सलीम राजा नूर मुहम्मद तेली फारुख सुमरो हाजी सदीक शाह सलीम भाई खिलेरी सलीम केरिया सुबहान खान हनीफ प्नू हाजी अयूब कुरैशी हाजी मो हुसैन सलीम कलर हज सेवक मोइनुदीन अनवर नियारिया हनीफ तेली अनवर भाई फिरोज खान व कार्यक्रम का संचालन साबिर चढवा ने किया व आय हुए मेहमानो का मारवाड हज वेल्फेयर व मुस्लिम समाज की ओर से साफा व माला पहनाकर सम्मान किया।

### पी.एच.ई.डी. कार्यालय का निरीक्षण

**बालोतरा**, (निसं)। जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव के निर्देशों की अनुपालना में अतिरिक्त जिला कलक्टर नानूराम सैनी ने मंगलवार सुबह जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। अतिरिक्त जिला कलैक्टर नानूराम सैनी बुधवार सुबह 10 बजे अचानक जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय परिसर में स्थिति सभी कक्षों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिकाएं जांची। साथ ही उन्होने कार्यालयों के विभिन्न सेक्शन का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियन्ता जगदीश राजपुरोहित से जल वितरण संबंधी कार्यों की जानकारी लेते हुए लंबित कामों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने छोटी-मोटी समस्या के चलते अटके हुए कार्यों को सूचीबद्ध कर उन्हें त्वरित रूप से पूर्ण कराकर जलापूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने जल समस्याओं के निस्तारण को लेकर स्थापित कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण करते हुए शिकायत पुस्तिका का अवलोकन किया। उन्होंने प्राप्त शिकायतों की प्रकृति, उनके निस्तारण की प्रक्रिया और समय सीमा के संबंध में जानकारी लेते हुए जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण की हिदायत दी। उन्होने गर्मी के मौसम को देखते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित पेयजल आपुर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें।

### विरेन्द्र धाम छात्रावास के लिए आवेदन

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए विरेन्द्र धाम छात्रावास में ऑनलाईन फॉर्म 01 मई 2024 से 15 मई तक भरे जायेंगे। प्रवेश समिति सचिव चैनाराम ने बताया कि स्नातक उत्तीर्ण होनहार, प्रतिभाशाली एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे है उनके लिए विरेन्द्र धाम में आवासीय सुविधा के लिए दिनांक 21 मई को प्रवेश परीक्षा का आयोजन प्रातः 10:00 बजे से 11:00 तक किया जायेगा। प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन भरा जा सकता है। आवेदन शुल्क 100 रू. निर्धारित किया गया है। आवेदन शुल्क जमा होने पर ही आवेदन मान्य होगा। प्रवेश परीक्षा की विषय वस्तु निम्न है- सामान्य हिन्दी, सामान्य अंठोजी, गणित, तर्कशक्ति, राजस्थान कला-संस्कृति, समसामयिकी, राजव्यवस्था, राजस्थान इतिहास, भूगोल एवं सामान्य विज्ञान। प्रवेश परीक्षा में कुल 100 प्रश्न होंगे एवं पूर्णांक 100 अंक का होगा। अन्य आवश्यक जानकारी के लिए छात्रावास की वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

### प्रधानाचार्य प्रवीण रावल का सम्मान

**रेवदर**, (निसं)। सामाजिक सरोकार सेवा निधि के लिए आदर्श विद्या मंदिर रेवदर के प्रधानाचार्य प्रवीण रावल को सम्मान मिला। प्रधानाचार्य प्रवीण रावल ने बताया कि विद्या भारती द्वारा प्रतिवर्ष मकर संक्रांति से सुभाष जयंती तक समर्पण निधि अभियान चलाया जाता है। विद्या भारती समाज के सहयोग और स्नेह से राष्ट को संगठित समर्थ बनाने और स्वाभिमान समाज के निर्माण में इन कार्यों के माध्यम से लगातार प्रयासरत है। बिछडे पूर्वोत्तर क्षेत्र में शिक्षा के लिए विद्यालय जनजाति छात्रावास चलने, कुष्ठ रोग निवारण, सीमा जागरण विकास, देश के किसी क्षेत्र में महामारी, बाढ, भूकंप, दुर्घटना होने पर संवेदना प्रकट करने के साथ-साथ आर्थिक सहयोग और वनवासी दूरदराज समवर्ती क्षेत्र में एकल विद्यालय के माध्यम से शिक्षा के साथ-साथ राष्ट भाव विकसित करना आदि हैं। इन सब श्रेष्ठ कार्यों को करने के लिए विद्या मंदिर में अध्यनरत विद्यार्थी, पूर्व छात्रों, आचार्य द्वारा समाज के सहयोग से इस वर्ष 2 लाख 65 हजार एकत्रित किए गए। साथ ही विद्या मंदिर को अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सर्वाधिक भैया-बहिन जोडने पर भी प्रांत स्तर पर सम्मानित किया गया।

### रविंद्र भाटी को जेड प्लस सुरक्षा की मांग

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर क्षेत्र में लोगों ने शिव विधायक और लोकसभा में निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्रसिंह भाटी को जेड प्लस सुरक्षा देने की मांग की है। इस संबंध में लोगों ने हनुमान चौराहे से कलेक्ट्रेट पर मार्च निकाला और मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा। भाटी को जान से मारने की धमकी देने के मामले को लेकर यह ज्ञापन सौंपा गया। भाटी को मिल रही जान से मारने की धमकियों को देखते हुए उन्हें जल्द से जल्द जेड प्लस की सुरक्षा दी जाए, अन्यथा सभी मिलकर उठा आंदोलन करेंगे। ज्ञापन देने आए लोगों में शामिल एडवोकेट सवाईसिंह देवड़ा ने बताया कि भाटी की बढ़ती लोकप्रियता ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर की पहचान दी है। उनके बढ़ते कद से चंद राजनेताओं को द्वेष्ता होना स्वाभाविक हैं। इसलिए कुछ ईर्ष्यालु राजनेता अपने गिरोह के असामाजिक तत्वों को आगे कर सोशल मीडिया पर रविंद्रसिंह भाटी को जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। लगातार मिल रही धमकियों के कारण भाटी के लाखों समर्थक और शुभचिंतक चिंतित हैं। साथ लोगों में आक्रोश भी है।

### सेंट्रल जेल में पौधारोपण किया

**जोधपुर**, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जोधपुर महानगर के सचिव व अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुरेन्द्र सिंह सांदू ने मंगलवार को केन्द्रीय कारागृह का साप्ताहिक निरीक्षण किया। साथ ही केंद्रीय कारागृह के परिसर में पौधारोपण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय कारागृह में स्वच्छता, साफ-सफाई की व्यवस्थाओं के साथ जेल में निरुद्ध बंदियों को उपलब्ध करवाए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, उनके स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधा व उनके लिए उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान केंद्रीय कारागृह के अधीक्षक प्रदीप लखावत, उपाधीक्षक, पुरूष व महिला बंदी गृह के जेलर एवं अन्य कारागृह के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रोटी बैंक जीवदया कार्य में जुटा है

**पाली**, (नि.सं.)। नियमित जीवदया निमित्त आनन्द कवाड़, अध्यक्ष, रोटी बैंक, पाली के नेतृत्व में सेवाभावी सदस्य गंगाराम डाणी, जयंति नाबरिया एवं अशोक पारीक ने जीवदया कार्यक्रम की श्रृंखला में सदस्यों का दल वानरसेना के सेवार्थ कांठेश्वर महादेव मंदिर, धणी-रानी पहाड़ियों में जाकर रोटी बैंक से रोटियां, अंगूर, आम और हरी सब्जियां खिलाकर सेवा का लाभ लिया। गर्मी के मौसम को देखते हुए मानव सेवार्थ तथा पशु-पक्षियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था की गई। जीवदया कार्यक्रम के प्रति निस्वार्थ समर्पित भाव से सेवा कार्य के तहत रोटी बैंक से पशुओं को पानी पीने के लिए सीमेंट की कुंडी भी वितरित की जा रही है, वही चिड़ियों के घोंसले भी दिए जाते हैं।

### वाटर कूलर भेंट

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। भूतपूर्व जिला शिक्षा अधिकारी व शिक्षाविद स्वर्गीय बाबूलाल व्यास (गोविंद) की द्वितीय पुण्यतिथि पर उनकी धर्म पत्नी सीतादेवी व परिवारजनों ने किशनीदेवी मगनीराम मोहता राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को एक वाटर कूलर भेंट किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सरोज गर्ग ने व्यास परिवार द्वारा वाटर कूलर भेंट कर निभाए गए सामाजिक सरोकार की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय स्टॉफ के सदस्यों व व्यास परिवार के सदस्यों द्वारा स्व. व्यास की पुण्य तिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।



मैंने कभी अपनी युवराज सिंह से तुलना नहीं की। मुझे लगता है कि युवी पा से तुलना करना बेवकूफी होगी। मेरा खेलने का स्टाइल तोड़ा उनकी तरह है। मुझे अच्छा लगता है। लोग मुझे बोलते हैं कि यार तेरा बैटिंग का स्टाइल युवी पा की तरह है।

- शिवम दुबे

भारतीय क्रिकेटर, युवराज सिंह से अपनी तुलना करने पर बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



## जोफ्रा आर्चर

**इंग्लैंड** के टी-20 वर्ल्ड कप स्क्वॉड की बात करें तो टीम में जोफ्रा आर्चर की वापसी हुई है। इसके अलावा टीम में क्रिस जॉर्डन की भी वापसी हुई है। आईपीएल में शानदार खेल दिखाने वाले फिल सॉल्ट को भी टीम में मौका मिला है। ईसीबी ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए और पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए एक ही स्क्वॉड रखा है। 22 मई से 30 मई तक ये सीरीज खेली जानी है। जबकि टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में इंग्लैंड अपना पहला मुकाबला स्कॉटलैंड के खिलाफ बारबाडोस में 4 जून को खेलेगा। लेकिन उससे पहले इंग्लिश खिलाड़ियों को आईपीएल छोड़कर स्वदेश लौटना होगा।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

# लखनऊ ने मुंबई को 4 विकेट से हराया



नई दिल्ली, 30 अप्रेल। लखनऊ सुपर जायंट्स ने -2024 के 48वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 4 विकेट से हरा दिया। दोनों के बीच मौजूदा सीजन में पहली बार मैच खेला गया। यह की सीजन में छठी जीत है। टीम 12 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर आ गई। दूसरी ओर ने लगातार तीसरा मुकाबला गंवाया।

लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 144 रन बनाए। जवाब में लखनऊ ने 19.2 ओवर में 6 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। मार्कस स्टोयनिस ने 45 बॉल पर 62 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान केएल राहुल ने 28 रन का योगदान दिया। मुंबई से कप्तान हार्दिक पंड्या ने 2 विकेट लिए। नेहल वाधेरा ने 46, टिम डेविड ने 35 और ईशान किशन ने 32 रन बनाए। मोहसिन खान ने 2 विकेट लिए।

मयंक यादव, नवीन-उल-हक, रवि बिश्नोई और मार्कस स्टोयनिस ने एक-एक विकेट लिए। आखिरी ओवर डालने आए मोहम्मद नबी की दूसरी बॉल पर निकोलस पूरन के दो रनों की मदद से लखनऊ ने 4 विकेट की जीत हासिल कर ली। इस जीत से टीम मौजूदा सीजन के पॉइंट्स टेबल के तीसरे नंबर पर आ गई है। दूसरी ओर, मुंबई ने लगातार तीसरा मुकाबला गंवाया है और इंडियंस की राह कठिन हो गई है। 19वें ओवर में लखनऊ ने छठा विकेट गंवा दिया। हार्दिक पंड्या की पहली बॉल पर आयुष बडोनी 2 रन लेने के प्रयास में रनआउट हो गए।

18वें ओवर की पहली बॉल पर जेराल्ट कूट्जी ने लखनऊ को 5वां झटका दे दिया है।उन्होंने एश्टन टर्नर (5 रन) को बोल्ड कर दिया। फिर नए बल्लेबाज आयुष बडोनी ने कूट्जी की बॉल पर चौका जमाया। 18 ओवर के बाद लखनऊ का स्कोर 132/5 रहा।

# बीसीसीआई ने हर्षित राणा पर लगाया 100 फीसदी जुर्माना



नई दिल्ली, 30 अप्रेल। कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाज हर्षित राणा पर एक बार फिर बीसीसीआई ने अनुशासन का डंडा चलाया है। इस बार दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में उन्हें आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट तोड़ने का दोषी पाया गया है। इसके लिए उनकी 100 फीसदी मैच काटी गई है साथ ही एक मैच के लिए बैन भी किया गया है। हालांकि, दिल्ली के खिलाफ केकेआर ने जीत हासिल की थी और इस दौरान हर्षित राणा ने बेहतरीन गेंदबाजी की थी।

बता दें कि, दिल्ली के खिलाफ मैच में बल्लेबाज अभिषेक पोरेल को आउट करने के बाद उन्होंने सेंड ऑफ दिया था। वह फ्लाइंग किस भी दे रहे थे, लेकिन फिर इरादा बदल लिया था। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हर्षित ने इस मैच में चार ओरों में केवल 28 रन देकर दो विकेट अपने नाम किए। दिल्ली की पारी के सातवें ओवर में गेंदबाजी करते हुए उन्होंने अभिषेक पोरेल का विकेट अपने नाम किया। इसके बाद उन्होंने हाथ लहराकर इशारा भी किया था।

जिसके चलते उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया गया है। वैसे ये पहली बार नहीं है जब हर्षित पर बीसीसीआई ने जुर्माना ठोका हो, बल्कि इससे पहले भी उन्हें कोड ऑफ कंडक्ट तोड़ने का दोषी पाया गया है। गौरतलब है कि 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में उन्होंने मयंक अग्रवाल को आउट करने के बाद फ्लाइंग किस दी थी। तब मयंक को कैच कराने के बाद उन्होंने बल्लेबाज के ठीक सामने जाकर फ्लाइंग किस दिया था। मयंक भी उनकी इस हरकत से नाराज दिखे थे, लेकिन अपनी नाराजगी जाहिर नहीं की थी।

## इंडिया अगले साल गुवाहाटी में बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा

नई दिल्ली, 30 अप्रेल। भारत अगले साल गुवाहाटी में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। खेल की वैश्विक संचालन संस्था बीडब्ल्यूएफ ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वर्ष 2008 के बाद यह पहली बार होगा जब विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन भारत में होगा। बीडब्ल्यूएफ ने एक विज्ञिप्त में कहा, ''टीम और व्यक्तिगत दोनों स्पर्धाएं देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित की जाएंगी।''

## चीन ने भारतीय महिला टीम को 5-0 से हराया

नई दिल्ली, । युवा सनसनी अनमोल खरब को टखने में चोट के कारण आंखों में आंसुओं के साथ कोर्ट से हटना पड़ा जबकि भारत की कमजोर महिला टीम को मंगलवार को उबेर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के ग्रुप ए मैच में चीन ने 5-0 से रौंद दिया।

राजधानी

# जे.के.जे ज्वैलर्स और जोशी ग्रुप पर आयकर विभाग की छापेमारी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** आयकर विभाग की टीम ने मंगलवार सुबह साढ़े 5 बजे तीन राज्यों में जे.के.जे. ज्वैलर्स और जोशी ग्रुप पर छापेमारी की। छापेमारी के बाद ज्वैलर्स में हड़कंप मच गया। जयपुर में जे.के.जे. ज्वेलर्स ग्रुप के श्याम नगर स्थित घऱ और एम.आई. रोड, मानसरोवर, विद्याधर नगर स्थित शोरूम में सर्च किया गया। दरअसल, जे.के.जे. ज्वैलर पर हवाला का काम करने का आरोप है। साथ ही सर्च के दौरान सट्टे से जुड़े कागज भी मिले है। बताया जा रहा है कि आयकर टीमों ने जयपुर, दिल्ली और कोलकाता में करीब 20 से अधिक ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है।

आयकर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कोलकाता में कई फर्जी कंपनियों के जरिए जे.के.जे. ग्रुप के लोग सोने-चांदी का कारोबार कर रहे थे। टैक्स चोरी को लेकर भी कई जानकारी आयकर विभाग को मिली थी। इस पर मंगलवार सुबह साढ़े 5 बजे से छापेमारी शुरू की गई। जयपुर में सबसे पहले श्याम नगर स्थित ज्वैलर के आवास पर छापेमारी की गई। इसके बाद उनके एम.आई. रोड, विद्याधर नगर और मानसरोवर स्थित शोरूम में सर्च शुरू किया गया। टीम को इस सर्च में क्या मिला, अभी तक इस बारे में कोई अधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। आयकर अधिकारियों का कहना है कि उनकी कई टीमें हैं। जिन्होंने जयपुर दिल्ली और कोलकाता में एक साथ सर्च किया।

सूत्रों के अनुसार, मामला हवाला और मटका (सट्टा) कारोबार से भी जुड़ा हुआ है। सर्च के दौरान आयकर विभाग की टीम को संचालकों के कई लॉकर्स की जानकारी मिली है। इसके आधार पर आयकर टीमों ने जे.के.जे. और जोशी समूह के लॉकर सील किए हैं। इनकी आने वाले समय में जांच की जायेगी। जे.के.जे. और जोशी समूह के ठिकानों से कई दस्तावेज मिले हैं, जो की मटका करोबार से जुड़ा होना पाया गया है। आईपीएल क्रिकेट लीग में सट्टे से भी जोड़कर इसे देखा गया है।




**आयकर विभाग की टीम ने मंगलवार सुबह एम.आई.रोड स्थित जे.के.जे. ज्वैलर्स पर छापा मारा।**

- **फर्जी कंपनियों के जरिए सोने-चांदी के कारोबार, सट्टा और हवाला कारोबार को लेकर की जा रही है जांच**
- **आयकर टीमों ने जयपुर, दिल्ली और कोलकात्ता में एक साथ करीब 20 से अधिक ठिकानों पर दबिश देकर सर्च की कार्रवाई की**
- **जयपुर में जे.के.जे. ज्वैलर्स ग्रुप के श्याम नगर स्थित घऱ और एम.आई. रोड, मानसरोवर, विद्याधर नगर स्थित शोरूम में सर्च किया गया है।**
- **इस सर्च कार्रवाई में क्या मिला, इसकी अधिकारिक जानकारी फिलहाल आयकर विभाग ने साझा नहीं की है। हालांकि सूत्रों की मानें तो आयकर टीमों ने संचालकों के कई लॉकर्स सील किए हैं, जिनकी जल्द ही जांच की जायेगी।**

सूत्रों के मुताबिक आयकर विभाग के पास जानकारी है कि जे.के.जे. और जोशी समूह का पिछले कुछ समय से सोने के बढ़े हुए दामों के कारण प्रोफिट बढ़ा है। इनके द्वारा जो टैक्स चुकाया गया, वह वह प्रोफिट के अनुसार टैक्स नहीं है। बताया जा रहा है कि तीनों राज्यों में करीब 20 से अधिक ठिकानों पर सर्च किया जा रहा है। जयपुर में 13, दिल्ली में 3 और कोलकाता में 4 जगहों पर आयकर टीमों ने सर्च किया है। जयपुर में कार्रवाई के दौरान आयकर टीम जयपुर में अलग-अलग शोरूम पर गई थी। करीब 150 से अधिक आयकर कर्मी छापेमारी में शामिल है।

# मुख्यमंत्री से प्रवासी राजस्थानियों ने की शिष्टाचार भेंट



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के रांची प्रवास के दौरान मंगलवार को राजस्थान स्टेट के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के स्टेट प्रेसिडेंट राजू मंगोड़ीवाला के नेतृत्व में प्रवासी राजस्थानियों और विभिन्न ट्रेड एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों ने शिष्टाचार मुलाकात की। रांची आगमन पर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया।**

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के रांची प्रवास के दौरान आज राजस्थान स्टेट के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के स्टेट प्रेसिडेंट राजू मंगोड़ीवाला के नेतृत्व में प्रवासी राजस्थानियों और विभिन्न ट्रेड एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों ने शिष्टाचार मुलाकात की और रांची आगमन पर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। होटल रैडिशन ब्लू में हुई भेंट के दौरान प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को शॉल व पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन किया।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान व्यापारिक संगठन के प्रतिनिधि बिनोद अग्रवाल ने कहा कि झारखण्ड-बिहार समेत पूर्वी भारत में राजस्थान के लाखों प्रवासी राजस्थानी निवास करते हैं जिन्होंने अपने कौशल, बुद्धिमता और कठोर परिश्रम से राज्य व क्षेत्र के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाई है। हमारी ईच्छा है कि हम अपनी जन्मभूमि राजस्थान के विकास में भी अपनी भागीदारी निभायें। यह आग्रह किया कि राजस्थान सरकार द्वारा एक टीम का गठन किया जाय जो पूर्वी भारत के क्षेत्रों का दौरा कर, प्रवासी राजस्थानियों से समन्वय बनाकर प्रदेश में निवेशकों के अनुकूल नीतियों का निर्माण करे और राजस्थान में निवेश के लिए राजस्थानी प्रवासियों को आमंत्रित करे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों के द्वारा राज्य के विकास में किये जा रहे सकारात्मक योगदान की प्रशंसा की। मौके पर मधुसूदन अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, पलक टिया, सालासर वाले परमेश्वर जी शर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# विधानसभा की साख को आंच न आये : देवनानी

**जयपुर,** (का.सं.)। विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानसभा के अधिकारियों व कर्मचारियों का आव्हान किया कि वे ईमानदारी और निष्ठा से ऐसे कार्य करें कि विधानसभा की साख को कोई आंच न आये। उन्होंने कहा कि कार्यशैली से ही संस्थान की पहचान होती है।



देवनानी मंगलवार को यहां विधानसभा में मुख्य अन्वेषण एवं संदर्भ अधिकारी देवकी नन्दन गुप्ता की अधिवार्षिकी आयु प्राप्त करने पर आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।गुप्ता का साफा पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्हा भेंट कर अध्यक्ष देवनानी और प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने अभिनन्दन किया। देवनानी ने कहा कि विधानसभा की गरिमा है। यहां कार्य करने वाले प्रत्येक कर्मी की कार्यशैली विशिष्ट एवं प्रभावशाली होनी चाहिए। प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने कहा कि राजकीय कार्य प्रसन्नता पूर्वक धैर्य के साथ करें। गुप्ता ने अपने 35 वर्ष की राजकीय सेवा के अनुभव बताये। समारोह में उप सचिवसंजीव शर्मा औररघुवीर सिंह सहित विधानसभा के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# श्रमिक दिवस पर शुभकामनाएं दीं

**जयपुर,** (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस (1 मई) पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल मिश्र ने श्रम संस्कृति के सम्मान से राष्ट्र के नव निर्माण का आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि श्रमिक राष्ट्र की अनमोल धरोहर है, उनके अथक परिश्रम से ही देश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने श्रमिक दिवस पर श्रमिकों के विकास की सोच रखकर कार्य करने पर जोर दिया है।

मिश्र ने अंतरराष्ट्रीय मज़दूर दिवस पर सभी श्रमिकों के खुशहाल और समृद्ध जीवन की कामना की है।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रदेश के श्रमिकों को अन्तरराष्ट्रीय श्रम दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि देश की तरक्क्री में श्रमिकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। औद्योगिक ढांचों में श्रमिकों का श्रम दिखाई देता है। श्रमिकों को सम्मान देने के उद्देश्य से हर साल एक मई को मनाए जाने वाले श्रम दिवस पर श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए।

# डॉ.अर्चना शर्मा के दस करोड़ रुपए के मानहानि परिवाद पर जवाब मांगा

**जयपुर,** (का.सं.)। अतिरिक्त जिला न्यायालय क्रम-1 महानगर द्वितीय ने विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेसी नेता डॉ. अर्चना शर्मा के खिलाफ सोशल मीडिया पर मानहानिपूर्ण ऑडियो वायरल करने से जुडे मामले में राजीव अरोडा, पूर्व सहायक महावीर उपाध्याय, विचार व्यास, रामचन्द्र गर्ग व महेश शर्मा को नोटिस जारी किए हैं। अदालत ने इनसे 27 मई तक जवाब देने के लिए कहा है। अदालत ने यह आदेश डॉ. अर्चना शर्मा के मानहानि दावे पर दिए।

- **विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेसी नेता के खिलाफ सोशल मीडिया पर मानहानिपूर्ण ऑडियो वायरल करने से जुड़ा है मामला**

दावे में अधिवक्ता एके जैन ने बताया कि प्रार्थिया मालवीय नगर से कांग्रेस प्रत्याशी थी और प्रदेश में 25 नवंबर 2023 को विधानसभा चुनाव होने थे। प्रतिवादी महावीर उपाध्याय, वादी का पूर्व में सहायक कार्यकर्ता था, लेकिन ढाई साल पहले उसे हटा दिया था। इसके चलते प्रतिवादी ने 22 नवंबर को एक कूटरचित ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया और उसमें वादी की कूटरचित आवाज से यह बताया कि वह लोगों को डरा धमका कर उनसे वसूली व ब्लैकमेल करती है। ऐसा उसने वादी को ब्लेकमेल व संपत्ति हडपने के लिए किया था। इसकी रिपोर्ट उसने सांगानेर पुलिस थाने में भी दर्ज कराई थी, लेकिन प्रतिवादियों ने इस ऑडिया को व्हाट्सअप व यूट्ययूब पर भी चलाया और इससे वादी के परिवार की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा। प्रतिवादियों ने ऐसा राजनीतिक द्वेषता से किया है। जिसके चलते उसकी व उसके परिवार की प्रदेश सहित अन्य जगहों पर भी बदनामी हुई है। ऐसे में वह प्रतिवादियों से दस करोड रुपए की क्षितपूर्ति प्राप्त करने की अधिकारी है।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दो दिन के पश्चिम बंगाल प्रवास के बाद मंगलवार को झारखण्ड में चुनाव प्रचार की कमान संभालने पहुंचे। मु.मंत्री भजनलाल ने धनबाद में भाजपा के उम्मीदवार ढुल्लू महतो की नामांकन सभा को संबोधित किया और उपस्थित जनों से बढ़-चढ़ कर मतदान करने की अपील भी की।*

# 'कोविशील्ड वैक्सीन के साइडइफैक्ट्स के राज उजागर करे केन्द्र सरकार'

## दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, लोग खड़े-खड़े गिरकर मर रहे हैं, कोविड और वैक्सिनेशन से पहले देश में ऐसा होता नहीं था

नई दिल्ली, 30 अप्रेल। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार को कोविशील्ड वैक्सीन के कथित दुष्प्रभावों से जुड़ी चिंताओं को तुरंत दूर करना चाहिए। हमने हाल में सोशल मीडिया पर कई वीडियो देखे हैं जिनमें लोगों को तुरंत बाद गिरते और फौरन मौत होते देखा जा सकता है। कोरोना महामारी से पहले ऐसा नहीं होता था। कई लोग कोविड टीके से इसे जोड़कर देख रहे हैं। यह काफी चिंता का विषय है। इससे तनाव फैल सकता है। केंद्र सरकार को इस मसले पर तुरंत बयान देना चाहिए।

सौरभ भारद्वाज ने कोविशील्ड वैक्सीन के दुष्प्रभाव और भारत में सिलसिलेवार रूप से अचानक होने वाली मौतों के बीच कथित संबंध को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि

- **मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, हमने हाल ही में सोशल मीडिया पर कई वीडियो देखे हैं, जिनमें लोगों को चक्कर खाकर गिरते और फौरन मौत होते देखा जा सकता है।**
- **सौरभ भारद्वाज ने कहा कि, अमेरिका में वैक्सीन बनाने वाली कंपनी एस्ट्रा ज़ैनेका ने भी स्वीकार किया है कि, उनकी वैक्सीन के कारण शरीर में जगह-जगह ब्लड क्लॉट होने की समस्या हो सकती है।**

भारत में करोड़ों लोगों को कोविड महामारी के दौरान यह टीका लगाया गया था।

ब्रिटेन की फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका ने भी माना है कि इसका कोविड टीका रक्त के थक्के जमाने संबंधी दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकता है। हालांकि इनके बीच कोई संबंध होने की जानकारी नहीं है। ब्रिटेन के एक अखबार ने अदालती दस्तावेज के हवाले से यह दावा किया है।

भारद्वाज ने दावा किया कि कोविशील्ड के सुरक्षित होने संबंधी आशंकाओं के चलते यह टीका जर्मनी, फ्रांस, स्पेन, फिनलैंड, नार्वे और डेनमार्क सहित कई यूरोपीय देशों में शुरू से ही प्रतिबंधित है। द डेली टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार, 51 वादियों की ओर से एक सामूहिक कार्रवाई के अनुरोध पर फरवरी में लंदन स्थित हाईकोर्ट में एक कानूनी दस्तावेज सौंपा गया था। इसमें एस्ट्राजेनेका ने माना था कि ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की वैक्सीन दुर्लभ मामलों में रक्त के थक्के जमा सकती है। यह प्लेटलेट की संख्या भी घटा सकती है।

सौरभ भारद्वाज ने कहा- केंद्र सरकार को इस टीके के कथित दुष्प्रभाव से जुड़ी चिंताओं को तुरंत दूर करना चाहिए क्योंकि भारत में करोड़ों लोगों को यह टीका लगाया गया है। जान गंवाने वाले ज्यादातार लोग युवा थे। सरकार को इस बारे में विचार करना चाहिए कि यदि लोग दुष्प्रभावों का सामना कर रहे हैं तो इसे कैसे रोका जा सकता है। बता दें कि द डेली टेलीग्राफ की रिपोर्ट को लेकर देश में सियासत गर्म है। सपा नेता शिवपाल यादव ने कहा कि भाजपा ने वैक्सीन में भी कमीशन लिया है। पूरी पोल खुल चुकी है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा झारखंड के चुनाव दौरे पर

धनबाद, 30 अप्रेल (का.सं.)। अपने झारखण्ड दौरे के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में विकास की रफ्तार पकड़ ली है। जहां एक ओर देश में रेलवे तथा सड़कों का ऐतिहासिक विकास हुआ है, वहीं दूसरी ओर मेडिकल कॉलेजों की संख्या में भी 5 गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि, झारखण्ड की जनता झारखण्ड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के भ्रष्टाचार से त्रस्त है। चंपई सोरेन की सरकार आदिवासियों के लिए कुछ भी नहीं कर रही है तथा केवल लूट-खसोट में लगी हुई है। जनता ने इस बार लोकसभा चुनावों में झामुमो को हराकर एन.डी.ए. को विजयी बनाने का मन बना लिया है।

शर्मा मंगलवार को अपने झारखण्ड दौरे के दौरान धनबाद में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू मेहतो की नामांकन सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि, वर्ष 2014 से पहले देश को भ्रष्टाचार, आतंकवादी घटनाएं,

- **मुख्यमंत्री ने धनबाद में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो की नामांकन सभा को संबोधित किया।**
- **मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि, झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार ने आदिवासियों व क्षेत्र की जनता को सिर्फ लूटा ही है।**

तुष्टिकरण की राजनीति और घोटालों का आए दिन सामना करना पड़ता था। जनता का राजनैतिक लोगों से विश्वास उठ गया था लेकिन मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में परिस्थितियां बदलीं तथा देश विकास के पथ पर अग्रसर होता चला गया।

उन्होंने कहा कि, मोदी जी गरीब व किसान कल्याण, सीमा सुरक्षा तथा विश्व में देश का मान बढ़ाने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने घर-घर शौचालय, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, हर घर नल से जल, उज्ज्वला योजना जैसी विभिन्न योजनाओं से माताओं, बहनों, किसानों सहित सभी वर्गों को राहत पहुंचाने का काम किया है। मु.मंत्री ने कहा कि, कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी का कहना था कि अगर केन्द्र से एक रुपया भेजा जाता है, तो जनता तक 15 पैसे पहुंचते हैं, जबकि मोदी जब 100 रुपए भेजते हैं तो किसान तक पूरे 100 रुपए ही पहुंचते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, सालों से रामलला टैन्ट में विराजमान थे। मोदी ने अयोध्या में श्री रामलला की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा कर करोड़ों भारतीयों के सपनों को साकार किया है। कांग्रेस ने हमेशा भगवान श्रीराम के अस्तित्व को काल्पनिक बताया तथा राम मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा के निमंत्रण को भी ठुकरा दिया। यही कारण है कि, कांग्रेस की स्थिति आज दयनीय हो गई है। आज राजस्थान में कांग्रेस के उम्मीदवार या तो चुनाव लड़ने से मना कर रहे हैं या अपना टिकट वापस कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता जिस विचार को लेकर चलता है, वही देश का विचार तथा संस्कृति है। शर्मा ने कहा कि, राजस्थान में वर्ष 2014 तथा 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को 25 की 25 सीटें प्राप्त हुई थीं तथा वे आश्वस्त हैं कि, वर्ष 2024 में भी सभी 25 सीटों पर कमल का फूल खिलेगा।

उन्होंने कहा कि, इसी तरह झारखण्ड में भी सभी 14 सीटों पर एन.डी.ए. विजयी होगी। उन्होंने आमजन से धनबाद प्रत्याशी ढुल्लू मेहतो को अधिक से अधिक मतदान कर विजयी बनाने की अपील की। साथ ही लोगों से "पहले मतदान, फिर जलपान" का आ ान भी किया।

# 'न्यायिक व्यवस्था पर गंभीर...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ने यह आदेश मुकेश कुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

इसके साथ ही अदालत ने असिस्टेंट रेडियोग्राफर भर्ती-2018, से जुड़े इस मामले में राज्य सरकार को 25 हजार रुपए के हर्जाने की शर्त पर जवाब पेश करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि, पूर्व में भी कई मामलों में राज्य सरकार को यह व्यवस्था सुधार के लिए कहा जा चुका है। यहां तक कि, कई मामलों में राज्य सरकार पर हर्जाना भी लगाया गया है। इसके बावजूद भी व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ।

अदालत ने कहा कि, एक प्रकरण में तो आदेश को राज्यपाल के पास भेजकर सरकार के सुस्त रवैये से अवगत भी कराया जा चुका है। राज्यपाल ने इस संबंध में राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगने के साथ व्यवस्था सुधार के निर्देश भी दिए होंगे। इससे लगता है कि, राज्य सरकार न्यायिक व्यवस्था और अदालती आदेश को लेकर गंभीर नहीं है।

आज भी कई मामलों में नोटिस जारी होने के बाद भी सरकार की ओर से पक्ष रखने वाला कोई नहीं आया है। ऐसी स्थिति में मुख्य सचिव और प्रमुख विधि सचिव से स्पष्टीकरण लेना आवश्यक हो गया है।

अदालत ने कहा कि, मामले में बीस सितंबर, 2018 को नोटिस जारी किए गए थे, इसके बावजूद भी जवाब पेश नहीं किया गया। इस पर याचिकाकर्ता ने सरकारी जवाब को बंद करने के लिए प्रार्थना पत्र पेश किया गया था, जिसे अदालत ने खारिज करते हुए राज्य सरकार को दो सप्ताह में जवाब पेश नहीं करने पर केस के प्रभारी अधिकारी को हाजिर होने को कहा था। इसके बावजूद भी राज्य सरकार ने जवाब पेश नहीं किया। वहीं, गत 7 दिसंबर को सरकार की ओर से पक्ष रखने के लिए कोई उपस्थित नहीं हुआ। इसके अलावा अब भी राज्य सरकार की ओर से कोई वकील अदालत में हाजिर नहीं है।

याचिका में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने बताया कि, असिस्टेंट रेडियोग्राफर भर्ती-2018, में योग्य और मैरिट में होने के बाद भी याचिकाकर्ता को नियुक्ति नहीं दी गई है।

## क्या भीलवाड़ा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

समर्थन मिला है। इससे ऐसा लगता है कांग्रेस गत चुनाव में हुई हार के अंतर को कम कर लेगी।

## दिनेश त्रिपाठी ने नौसेना प्रमुख का कार्यभार संभाला

नयी दिल्ली, 30 अप्रैल (वार्ता) एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने मंगलवार को यहां 26वें नौसेना प्रमुख के रूप में भारतीय नौसेना की कमान संभाली।

उन्हें एडमिरल आर हरि कुमार के स्थान पर नया नौसेना प्रमुख बनाया गया है जो नौसेना में लंबे और शानदार करियर के बाद सेवानिवृत्त हो गये। इससे पहले एडमिरल त्रिपाठी नौसेना के उप प्रमुख थे। नौसेना की कमान संभालने के बाद उन्होंने कहा कि वह नौसेना को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस करने की दिशा में कार्य करेंगे और नौसेना सदैव राष्ट्र प्रथम के मंत्र पर कार्य करते हुए सुभी चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहेगी। उन्होंने कहा, भारतीय नौसेना का छब्बीसवां नौसेना अध्यक्ष बनने पर मुझे अत्यंत गर्व और सम्मान की अनुभूति हो रही है।

## सीकर में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उम्मीदवार स्वामी सुमेधानंद सरस्वती के भाव न के बराबर थे। सीकर में कांग्रेस के समर्थन से माकपा के प्रत्याशी अमराराम चुनाव लड़ रहे हैं। हवा अमराराम की बनाई जा रही है। लेकिन भाजपा का कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव की भांति ही इस चुनाव का परिणाम भी अपने पक्ष में मान रहा है। आम मतदाता की भी यही राय है। असल में भाजपा ने केवल अपने कोर वोटर को मतदान स्थल पर लाने में सफल रही बल्कि इंडिया गठबंधन के तहत माकपा को सीट देने से नाराज कांग्रेस के वोटर को भी अपने पक्ष में करने में सफल रहीं है। माकपा प्रत्याशी को अपने समर्थकों के भरोसे ही चुनाव प्रचार करना पड़ा। वहीं भाजपा ने अपने सभी नेताओं को साधकर एकजुटता दिखायी व चुनाव प्रचार किया। क्षेत्र के लोकसभा में चुनाव प्रचार के दौरान कदावर नेताओं के माकपा के चुनाव प्रचार में नहीं आना भी माकपा उम्मीदवार को घाटे का सौदा रहा। इण्डिया गठबंधन को स्थानीय नेताओं के भरोसे ही चुनाव प्रचार करना पड़ा। भाजपा उम्मीदवार सुमेधानंद के पक्ष में भाजपा के कई बड़े नेताओं ने क्षेत्र का दौरा किया। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रोड शो किया, योगी आदित्यनाथ व प्रदेश मुख्यमंत्री भजनलाल ने भी जनसभा की। इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवार अमराराम को लक्ष्मणगढ़, दांतारामगढ़ एवं धोद विधानसभा क्षेत्र में आंशिक बढ़त मिल सकती है। वहीं भाजपा को श्रीमाधोपुर, सीकर, खण्डेला, चौमू एवं नीमकाथाना में बढ़त मिलती दिख रही है।

# क्या भाजपा नेता देवराज गौड़ा ने किया प्रज्वल रेवन्ना का सैक्स स्कैण्डल वीडियो लीक?

## प्रज्वल रेवन्ना के पूर्व ड्राइवर ने कहा कि, मैंने रेवन्ना की करतूत के वीडियो सिर्फ देवराज गौड़ा को ही दिये थे

बैंगलुरु, 30 अप्रेल। जनता दल (सेक्युलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के अश्लील वीडियो आखिर कैसे लीक हुए? रेवन्ना परिवार के पूर्व ड्राइवर ने इस रहस्य से पर्दा उठाया है। इस शख्स ने कहा कि उसने ये वीडियो भाजपा नेता देवराजे गौड़ा को सौंपे थे। इस ड्राइवर का नाम कार्तिक है। उसने कहा, मैंने ये वीडियो उस भाजपा नेता को दिए, जिसने महिलाओं को न्याय देने का वादा किया था। कार्तिक ने दावा किया कि रेवन्ना परिवार के लोगों ने उसे काफी परेशान किया और उसकी जमीन का कुछ हिस्सा जबरन अपने नाम करवा लिया। इस तरह तंग आकर उसने गौड़ा से संपर्क किया।

कार्तिक ने एक वीडियो जारी करके कहा, मुझे नहीं पता कि गौड़ा ने पेन ड्राइव बांटी या फिर भाजपा के लोगों ने ऐसा किया। मैंने तो पेन ड्राइव

- **प्रज्वल रेवन्ना के पूर्व ड्राइवर ने दावा किया कि, रेवन्ना परिवार के लोगों ने उसे काफी परेशान किया और उसकी जमीन का कुछ हिस्सा जबरन अपने नाम करवा लिया। इस तरह तंग आकर उसने गौड़ा से संपर्क किया था।**

उनके अलावा और किसी को नहीं दिया। अब वे आरोप लगा रहे हैं कि कांग्रेस नेताओं को मैंने इसे दिया। उन्होंने कहा कि अगर मुझे इसे कांग्रेस नेताओं को देना होता तो मैं न्याय के लिए उनके पास ही क्यों गया होता। कार्तिक ने कहा, सोमवार को मैं एसआईटी के सामने पेश होने वाला हूं। इस दौरान मैं उन्हें सभी दस्तावेज सौंप दूंगा। कार्तिक की ओर से यह सफाई तब आई जब जब गौड़ा ने सोमवार को कह दिया कि उसने (कार्तिक) कांग्रेस नेताओं को वीडियो शेयर किए। पूर्व ड्राइवर ने जोर देकर कहा कि वह भाजपा नेता के अलावा किसी और के साथ वीडियो शेयर करने के फैसला का हिस्सा नहीं थे।

गौरतलब है कि देवराजे गौड़ा 2019 के चुनाव में भाजपा के टिकट पर लड़े मगर हार गए। उन्होंने स्टेट लीडरशिप को रेवन्ना के खिलाफ इन आरोपों को लेकर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि हासन के लिए एनडीए उम्मीदवार के रूप में रेवन्ना के नाम की घोषणा से कुछ महीने पहले वह महिलाओं का यौन शोषण कर रहे थे।

## क्या शीला ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लवली, संदीप दीक्षित और सुभाष चौपड़ा ने भाजपा के रामबीर सिंह बिधूड़ी से कुछ दिन पूर्व उनके फार्म हाउस पर मुलाकात की थी।

मीटिंग का एजेण्डा, स्पष्ट रूप से तीनों का कांग्रेस विरोधी रुख था। और यह भी कि, कैसे लवली और दीक्षित को टिकट नहीं दिया गया।

लवली ने अपने पत्र में ए.आई.सी.सी. महासचिव बबरिया पर आरोप लगाया कि, उन्हें काम नहीं करने दिया गया, जबकि वास्तव में, वह अजय माकन ही थे, जिन्होंने दीक्षित के करीबी सभी पार्टी नेताओं के खिलाफ काम किया और सुनिश्चित किया कि, उन्हें कहीं से चुनाव लड़ने के लिए पार्टी का टिकट ना मिले, चाहे वो लवली हों, संदीप दीक्षित अथवा राजकुमार चौहान हों। ए.आई.सी.सी. कोषाध्यक्ष के रूप में माकन प्रभावशाली स्थिति में हैं तथा राहुल गांधी के साथ भी उनकी निकटता है।

तथ्य यह भी है कि, शीला दीक्षित सरकार में 15 वर्षों तक मंत्री रहने के बाद लवली कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा छोड़ने के बाद वे पुनः कांग्रेस में शामिल हुए। पार्टी में वापसी पर कांग्रेस ने उनके अभिनन्दन के रूप में डी.पी.सी.सी. अध्यक्ष बना दिया था। अब उन्होंने पार्टी की विस्तृत समस्याओं को लेकर, चुनावों के बीच एक लम्बा पत्र लिखकर कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस में इस समय गुटबाजी चरम पर है और कांग्रेस के लिए यह सबसे बड़ी समस्या है।

# 'फेसबुक, मैटा की कार्यप्रणाली किसी सरकारी ऑफिस से भी ज्यादा लचर है'

## दिल्ली हाई कोर्ट ने मैटा द्वारा "टीवी टुडे" नैटवर्क के ब्रांड, हार्पर बाजार इंडिया के इंस्टाग्राम पेज को ब्लॉक नहीं कर पाने के मामले में यह टिप्पणी की

नई दिल्ली, 30 अप्रेल। दिल्ली हाईकोर्ट ने फेसबुक, वॉट्सएप और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की पेरेंट कम्पनी मेटा को लेकर मंगलवार को कड़ी टिप्पणी की और कहा कि इसकी कार्यप्रणाली किसी सरकारी विभाग से भी बदतर है। हाईकोर्ट ने यह बात एक मीडिया हाउस की तरफ से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कही। कोर्ट ने कहा कि मीडिया हाउस टीवी टुडे नेटवर्क के ब्रांड हार्पर बाजार इंडिया के इंस्टाग्राम पेज को ब्लॉक करने को लेकर मेटा कम्पनी उचित जवाब देने में विफल रही है।

टेक जगत की दिग्गज कम्पनी मेटा की खिंचाई करते हुए कार्यवाहक चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा

- **मीडिया हाउस टीवी टुडे नेटवर्क ने किसी तीसरे पक्ष द्वारा कॉपीराइट एक्ट उल्लंघन की शिकायत के बाद अपना इंस्टाग्राम पेज ब्लॉक करने को लेकर हाईकोर्ट में एक याचिका लगाई है, इसी की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मैटा की कार्यप्रणाली को लेकर नाराज़गी जताई।**

कि अगर मीडिया हाउस की शिकायत पर फैसला नहीं किया जाता है, तो अदालत प्रथम दृष्टया यही मानेगी कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टीवी टुडे के वकील को घूमा रहा था।

मीडिया हाउस टीवी टुडे नेटवर्क ने किसी तीसरे पक्ष द्वारा कॉपीराइट एक्ट उल्लंघन की शिकायत के बाद अपना इंस्टाग्राम पेज ब्लॉक करने को लेकर हाईकोर्ट में एक याचिका लगाई है, इसी की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मेटा की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा, आप किसी सरकारी विभाग से भी बदतर हैं। कृपया सावधान रहिए। आपको इस स्थिति में एक्टिव रहना होगा। आपका सिस्टम काम नहीं कर रहा है, आपका सिस्टम काम नहीं करता है, इसे काम करना ही होगा। कोर्ट ने आगे कहा कि मेटा को अपना घर व्यवस्थित करना चाहिए, अन्यथा अदालत उसकी निंदा करने का आदेश पारित कर सकती है।

# प्र.मंत्री मोदी महाराष्ट्र की चुनावी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हुए कहा कि आप ऐसे लोगों को अपना वोट देकर क्यों खराब करते हैं जो लोकसभा में साधारण बहुमत प्राप्त करने लायक संख्या में सांसदों को चुनावों में उम्मीदवार नहीं बनाते है।

मोदी ने जोर देकर कहा कि जब देश में एक मजबूत सरकार स्थापित होगी तो उसका ध्यान वर्तमान के साथ देश के भविष्य पर भी होगी। मोदी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि जनता उनकी सरकार के 10 वर्ष शासन व कांग्रेस के 60 वर्षों के शासनकाल के अंतर को महसूस कर रही हैं। कांग्रेस नेता हर बार होने वाले चुनावों में गरीबी समाप्त करने की बात करते रहे है परन्तु उन्होंने चुनाव जीतने के बाद गरीबी समाप्त करने के लिए कुछ नहीं किया।

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में समर्थ रही है तथा 80 करोड़ लोग फ्री राशन ले रहे हैं।

मज़ेदार बात यह है कि मोदी ने ये टिप्पणियाँ सुनेत्रा पवार की उपस्थिति में कल पुणे में एक रैली में कीं। सुनेत्रा अजित पवार की पत्नी हैं और वह शरद पवार की पुत्री सुप्रिया सुले के खिलाफ बारामती लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं। अजित पवार शरद पवार के भतीजे हैं।

अजित पवार ने नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) के संस्थापक शरद पवार के विरूद्ध विद्रोह कर एन.सी.पी. को दो धड़ों में बांट दिया था। अजित पवार के समर्थन वाला एन.सी.पी. का धड़ा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार में शामिल हो गया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि "महाराष्ट्र" की अतृप्त आत्मा ने 45 वर्ष पहले अस्थिरता पैदा कर दी थी और यह व्यक्ति आज भी देश को अस्थिर करने का कार्य कर रहा है।"

वर्ष 1978 में शरद पवार ने कांग्रेस (यू) से अलग होकर जनता पार्टी के समर्थन से सरकार गठित कर ली थी। इस प्रक्रिया में वह 38 साल की उम्र में महाराष्ट्र के सबसे युवा मुख्यमंत्री बन गए थे। इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस के एक धड़े ने उससे अलग होकर कांग्रेस (यू) का गठन किया था।

महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव पांच चरणों में हैं और यहाँ का परिणाम प्रधानमंत्री और भाजपा के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने यहाँ 23 और शिव सेना ने 18 सीटें जीती थीं। एन.सी.पी. ने 4 और कांग्रेस ने एक सीट जीती थी।

भाजपा को इस चुनाव में अपनी पुरानी विजयी सीटों का आंकड़ा हर हाल में बचाए रखना होगा, ताकि वह एन.सी.पी. से अलग हुए एवं अपने सहयोगी आर शिव सेना की भी जीत में मदद कर सके। चूंकि शरद पवार और उद्धव ठाकरे, दोनों के प्रति जनता की संवेदनाओं की खबरें है, इसलिए मोदी एक जटिल स्थिति को सही करने में लगे हैं।

## स्ट्रीट वैंडर्स पर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

को कहा है कि, वे अतिक्रमण नहीं करें। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश नेशनल ह्यूमन राइट एंड सोशल जस्टिस ऑर्गनाइज़ेशन की जनहित याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता संजय जोशी ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने स्ट्रीट वैंडर्स एक्ट, 2011 के प्रावधानों को लागू नहीं किया है। इन प्रावधानों के अनुसार ग्रेटर व हेरिटेज नगर निगम को स्ट्रीट वैंडर्स को आईडी कार्ड जारी करने थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जयपुर शहर में करीब दो लाख स्ट्रीट वैंडर्स में से करीब आठ हजार को ही पहचान पत्र जारी किए गए हैं। जबकि हाईकोर्ट ने 31 जुलाई 2017 को आदेश जारी कर छह माह में पूरी कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद भी एक्ट के प्रावधानों की पालना नहीं हुई और ना ही आई.डी. कार्ड जारी किए गए हैं। बिना आई.डी. कार्ड उनके खिलाफ पुलिस व नगर निगम के अफसर कार्रवाई करते हैं। इसके अलावा ग्रेटर निगम ने गत 15 मार्च को प्रस्ताव लिया कि वैंडिंग ज़ोन और परिचय पत्र स्थानीय पार्षद की एन.ओ.सी. के बिना जारी नहीं किए जाएंगे। याचिका में कहा गया कि, शहर में 86 वैंडिंग ज़ोन घोषित करने थे, लेकिन अब तक सिर्फ 13 वैंडिंग ज़ोन घोषित किए गए हैं। याचिका में गुहार की गई है कि, एक्ट के प्रावधानों की पालना की जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगते हुए याचिकाकर्ता संगठन के सदस्यों पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने को कहा है।

# 'एस.सी., एस.टी. और ओ.बी.सी. का आरक्षण मुसलमानों को नहीं छीनने दूंगा'

जहीराबाद (तेलंगाना), 30 अप्रेल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों की आलोचना करते हुए कहा कि वह धर्म के आधार पर मुसलमानों को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी और अन्य वंचित समूहों के लिए आरक्षण नहीं देने देंगे। मंगलवार को तेलंगाना के जहीराबाद में एक पब्लिक रैली को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने कहा, "वे (कांग्रेस) अपने वोट बैंक के लिए संविधान का अपमान करना चाहते हैं। लेकिन मैं उन्हें यह बताना चाहता हूं कि जब तक मैं जिंदा हूं, मैं उन्हें धर्म के नाम पर मुसलमानों को दलितों, एससी, एसटी और ओबीसी के लिए मिलने वाला आरक्षण नहीं देने दूंगा।

इससे पहले भी पीएम मोदी ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों पर मुसलमानों को धर्म के आधार पर आरक्षण देने और वंचित जातियों का आरक्षण कम करने का आरोप

- **प्रधानमंत्री मोदी ने जहीराबाद (तेलंगाना) की जनसभा में कांग्रेस पर वंचित जातियों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देने का आरोप लगाया।**

लगाया था।

उन्होंने मुस्लिम समुदाय को राज्य ओबीसी सूची में शामिल करने के कर्नाटक सरकार के फैसले के बारे में भी बात की। प्रधानमंत्री ने कहा, "एक समय था जब दुनिया प्रगति कर रही थी, लेकिन भारत को कांग्रेस ने भ्रष्टाचार की बेड़ियों में जकड़ दिया था। दुनिया आर्थिक प्रगति कर रही थी, लेकिन भारत नीतिगत पंगुता का शिकार था। एनडीए ने बड़ी मुश्किल से भारत को उस दौर से बाहर निकाला है, लेकिन कांग्रेस फिर से देश को पुराने बुरे दिनों में ले जाना चाहती है।"

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर वोट-बैंक की राजनीति में शामिल होने का आरोप लगाते हुए आरोप लगाया कि पार्टी को अन्य धर्मों की परवाह नहीं है। उन्होंने कहा, "हैदराबाद में रामनवमी जुलूस पर भी प्रतिबंध लगाया जा रहा है ताकि वोट बैंक नाराज न हो।" प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि केंद्र की सत्ता में आने पर वह 55 प्रतिशत विरासत कर लगा देगी और कहा कि जब पूरा विश्व आर्थिक रूप से प्रगति कर रहा था, भारत पूर्ववर्ती संप्रग सरकार के तहत नीतिगत पंगुता से ग्रसित था। तेलंगाना के मेडक जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य की कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार के जरिये धन एकत्र कर रही और उसे दिल्ली भेज रही है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908